❖ शुभ खरीदी का महामुहूर्त ❖

रवि पुष्य नक्षत्र

रविवार, 1 नवंबर 2026

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

इंदौर | वर्ष-22 • अंक-138 — निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता — मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12 | epaper.cityblast.in

इधर कांग्रेस की रामलीला उधर भाजपा का सिख विरोधी दंगा मार्च

नई दिल्ली.एजेंसी। वोट चोरी को लेकर आज दिल्ली के रामलीला मैदान पर कांग्रेस का प्रदर्शन हो रहा है। इस रैली में अन्य कई विपक्षी दल शामिल होंगे, लेकिन कॉकरोच जनता पार्टी इसमें शामिल नहीं होगी। राहुल गांधी ने प्रदर्शन में आए लोगों से अपील की है कि वे प्रदर्शन भी करें और इलाके के दुकानदारों से सामान भी खरीदें। इस रैली के खिलाफ भाजपा आज सिख विरोधी दंगा मार्च निकाल रही है। आज के ही दिन 1984 में सिख विरोधी दंगा हुआ था। इस मार्च में दंगा पीड़ित सिखों सहित 5000 सिख शामिल होंगे। उधर ओवैसी ने वोट चोरी को लेकर कांग्रेस को घेरा और कहा कि जहां कांग्रेस जीतती है वहां उसे वोट चोरी दिखाई नहीं देती।

आज मप्र का स्थापना दिवस

रविवार.एजेंसी। आज मध्यप्रदेश अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर भोपाल, इंदौर सहित कई शहरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज के दिन ही 7 अन्य राज्य और 5 केंद्र शासित प्रदेश भी अपना स्थापना दिवस मना रहे हैं।

पुष्य नक्षत्र के साथ शुरू हुआ महात्योहार 8 दिन तक होगा अरबों का कारोबार

रविवार.एजेंसी। दिवाली त्योहार से पहले आज अंतिम रविवार है इसलिए आज बाजार गुलजार रहेंगे। बड़ी तादाद में दिवाली की खरीदारी होगी। संयोग से आज रवि पुष्य नक्षत्र भी है, इसलिए आज बड़ी तादाद में लोग सोना-चांदी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, वाहन खरीदेंगे और बहीखातों की भी खरीदारी करेंगे। एक तरह से आज से दीपावली का महात्योहार शुरू हो गया है। अगले रविवार तक बाजार में भारी भीड़ रहेगी और अरबों का कारोबार होगा।

छाने लगा कोहरा

रविवार.एजेंसी। अर्नब तूफान के कारण अब ठंड के साथ कोहरा भी कहर बरपाने लगा है। मध्यप्रदेश के सीहोर में इस सीजन का पहला कोहरा छाया रहा। इसी तरह उत्तरप्रदेश के 10 शहरों में कोहरे ने दस्तक दी। केदारनाथ में पारा माइनस 8 तक पहुंच गया। ओडिशा में भूस्खलन से 12 लोग लापता हो गए।

6 भारतीय लापता

रविवार.एजेंसी। नेपाल के शे-फोक्सुंडो झील की ट्रैकिंग में गए 6 भारतीय पर्यटक भारी बर्फबारी के कारण लापता हो गए, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। इनकी तलाश जारी है।













आम आदमी पार्टी का हस्ताक्षर अभियान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री अनुराग यादव ने बताया कि खजराना क्षेत्र में प्रस्तावित 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के निर्माण की मांग को लेकर अभियान चलाया गया। अस्पताल निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग के समर्थन में हस्ताक्षर करवाए गए। शासन एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की कि प्रस्तावित 100 बिस्तरीय खजराना सिविल अस्पताल की वर्तमान स्थिति सार्वजनिक की जाए, निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा निर्माण पूर्ण होने की स्पष्ट समय-सीमा घोषित की जाए। अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, दवाइयाँ और आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

नवकार श्री NS Think Big
पुष्य नक्षत्र एवं दीपावली
की हार्दिक बधाई
चाँदी के फैंसी आभूषणों के थोक एवं खेरची विक्रेता
All Exclusive Jewellery Available
बॉम्बे पायल, फैंसी पायल, डी-पायल • कास्टिंग पायल • बिछिया • फेरवा
गुच्छा • कंदोरा • सिल्वर घड़ी • 92.5 स्टर्लिंग चांदी के आभूषण
साड़ी पिन • सिल्वर गिफ्ट आर्टिकल • मूर्ति
SHOP LOCATION
22, मोरसली गली,
बड़ा सराफा, इन्दौर
DSA VS ADS
SSO GM
SHIVAM ADITI
all other brands available
फोन : 0731-2504742, 2502233
संजीव : 9893305151, ऑर्डर एवं फोटो : 8357805151

सागर ज्यूस
शुभ दीपावली
मसाला डोसा, पाव भाजी
राजू सागर पुष्पक सागर
मनाल सागर
209, एम.जी. रोड़ मल्हारगंज थाने के समीप, इन्दौर 98260-81351
मोहन नितिन सागर
सरवटे बस स्टेण्ड, इन्दौर
अशोक करण सागर
आनंद बाजार, इन्दौर
संदीप सागर : 93014-38143
209, सपना संगीता रोड़, बजाज सोजतिया के सामने, इन्दौर

उत्तम श्री ज्वेलर्स
Since 1982
चांदी एवं सोने के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
परंपरा, विश्वास और शुद्धता का प्रतीक...
शानदार डिज़ाइन, उत्तम गुणवत्ता और विश्वास की पहचान
सोने के आभूषण
चांदी के आभूषण
925 सिल्वर ज्वेलरी
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
13, धान गली, उत्तमश्री मार्केट बड़ा सराफा, इंदौर
7869269777
9827006219
आपकी खुशियों के हर खास मौके का भरोसेमंद साथी
/UttamShreeJewellers1
Traditional Elegance Since 1982

HAPPY Diwali
RS RATAN SHREE FASHION STORE
RATAN SHREE
FASHIONSTORE
Ladies Wear : Designer Lehnega Chunni, Evening Gown, Readymade Suits, Dress Material
Men's Wear & Suiting-Shirting : Sherwani, Indo-Western, Coat Suit, Jacket, Kurta Pajama, Blazer, Pant Shirt
20, Santha Bazar, Indore (M.P.) 452002
Customer Care : 9893033356 | Email : ratanshree20@gmail.com

शुभदीपावली
राधिका ज्वेलर्स
22 कैरेट 91.60 K.D.M. होलमार्क आभूषणों के निर्माता एवं डायमंड ज्वेलरी व कलर स्टोन के विक्रेता
संजय लाहोटी
98270-56676
5-6, छोटा सराफा, पंचरत्न मार्केट, इन्दौर : 7489104784

पुष्य नक्षत्र एवं दीपावली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ
हेमन्त सोनी
9301392718
राकेश ज्वेलर्स
प्रो. पुरुषोत्तम तिवारी
सुन्दर आकर्षक एवं कलात्मक सोना–चाँदी आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
17, धानगली (रामदेव बाबा मंदिर के पीछे) बड़ा सराफा इन्दौर–2
मो. 98260 41937, 94250 58608

भँवरलाल जांगिड़, दिनेश कुमार जांगिड़
99770-08825
पुष्य नक्षत्र
एवं
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
लक्ष्मी सिल्वर वर्क्स
75, धानगली, कसेरा बाजार, इन्दौर फोन: 4053110

॥ श्री गणेशाय नमः ॥
दीपावली
की हार्दिक बधाई
बद्री राठौर (ठेकेदार)
9039720229
9039220229
सांवरिया कंस्ट्रक्शन
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
मकान, बिल्डिंग, दुकान बनाने का कार्य विथ मटेरियल व विदाउट मटेरियल किया जाता है।
ऑफिस - 85, गणेश नगर, इंदौर

अग्रवाल समाज
व्यापारी बंधु
मुकेश ब्रजवासी,
उमेश ब्रजवासी
और समस्त ब्रजवासी परिवार की ओर से
पुष्य नक्षत्र और दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ

पुष्य नक्षत्र एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
GHUNGROO JEWELLERS SINCE 1985
विश्वास, परंपरा और शुद्धता का प्रतीक...
घुँघरू ज्वैलर्स
आप सबका हार्दिक स्वागत है
इस शुभ अवसर पर अपने परिवार के लिए
सोने, चांदी और हीरे के अद्भुत संग्रह को देखने के लिए
आज ही पधारें और अपने पसंदीदा आभूषण चुनें।
GOLD JEWELLERY (22K & 18K)
DIAMOND JEWELLERY (IGI CERTIFIED)
SILVER JEWELLERY (925)
GIFT ITEMS (GOLD & SILVER)
GEMSTONE (RASHI RATNA) (ALL CERTIFIED)
शुभ खरीदारी के लिए आज ही पधारें
17, बड़ा सराफा, इंदौर | 83339 50000

पुष्य नक्षत्र एवं दीपावली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ
अमीषा पर्ल
अनिल नीमा
54/10, बड़ा सराफा, इन्दौर - मो. 9425057670

पुष्य नक्षत्र
एवं
दीपावली
की हार्दिक बधाई
सत्यनारायण बाहेती

जय श्री कृष्णा
जय श्री कृष्णा
पुष्य नक्षत्र एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
गंगधार वाला परिवार

Ajit Guchhait
HAPPY DIWALI
Ajit Jewellers
Manufactures all Kind of Fancy Gold Ornaments
Wholesale and Retail Dealers Hall Marking Items
76, Bada Sarafa, Lahoti Complex, 106, First Floor, Indore (M.P.)

अचल जैन
अक्षय जैन
तनीष जैन
पुष्य नक्षत्र एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
A.A.J.
अचलकुमार अक्षयकुमार जैन
चांदी की फैंसी ज्वैलरी के थोक विक्रेता
धानगली, काली टंकी के पास, बड़ा सराफा, इन्दौर (म.प्र.) फोन : 0731-2503524

28 कांग्रेसी एकसाथ फ्लाइट से पहुंचे दिल्ली

विमानतल पर भाजपा और कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने एक-दूसरे कराया नाश्ता

मिश्रा ने दिया थेपले और पराठे का पैकेट, तो चौकसे और साथियों ने लड्डू और पोहे खिलाए, कल भी निकले थे ट्रेन और कार से कांग्रेसी, महिलाओं को नहीं मिली सुविधा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस की महारैली आज दिल्ली में आयोजित की जा रही है। जहां कल सुबह से कार से कांग्रेसी दिल्ली के लिए रवाना हुए थे वह क्रम शाम तक चलता रहा। इधर कल ट्रेन से भी कांग्रेसी दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने एक बस से 50 से अधिक कांग्रेसियों को दिल्ली रवाना किया था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने करीब 150 कारें दिल्ली रवाना कराई थी। आज सुबह 28 कांग्रेसी एक साथ फ्लाइट से दिल्ली के लिए निकले और सभी सुबह



8.20 बजे दिल्ली विमानतल पहुंच गए। इंदौर विमानतल पर जब कांग्रेसी पहुंचे तो उस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी पहुंच गए, जिनका आज जन्मदिन है वे भी दिल्ली जा रहे थे। इधर कांग्रेसी नाश्ता कर रहे थे और उधर सुमित मिश्रा भी नाश्ता लेकर आए थे। कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल ने सुमित मिश्रा को पोहे और लड्डू खिलाए, तो



दिल्ली खाने का सामान ले जा रहे सुमित मिश्रा ने थेपले और पराठे के पैकेट निकालकर कांग्रेसियों को दिए। कांग्रेसियों की तादाद ज्यादा थी। विमानतल पर राजनेताओं के बीच किसी तरह की राजनीति नहीं हुई, बल्कि खाने का आदान-प्रदान हुआ और खुशनूमा माहौल में भाजपा व कांग्रेस अध्यक्ष के साथ कांग्रेसी फ्लाइट से दिल्ली पहुंच गए। सत्यनारायण पटेल, चिन्टू चौकसे, संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, राजू भदोरिया, राजा चौकसे, लोकेश हार्डिया, शैलेष केमकर, सोनू कुमावत, रघु परमार, इशान चौकसे, बंटी बदलानी सहित 28 कांग्रेसी दिल्ली के लिए रवाना हुए। कांग्रेसी कल कार से रवाना हुए तो वे आगे ढाबे पर भी रूके, सेल्फी ली और अपने कांग्रेसी ग्रुप में वायरल भी किया, जो नेता ट्रेन से निकले उन्होंने ट्रेन के डब्बे में बैठकर सेल्फी ली और चित्र वायरल किए। कांग्रेस के सोशल मीडिया ग्रुप पर कुछ नेताओं ने कमेंट्स किए कि जो कार से निकले और सेल्फी ली वे दिल्ली तक गए या रास्ते से ही पलट कर घर आ गए।

महिला नेत्रियों को नहीं मिली सुविधा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भोपाल के बाद गांधी भवन इंदौर की सभा में भी कहा था कि जो महिला और कांग्रेस नेत्रियां दिल्ली जाना चाहती है उनको वाहन, रहने और खाने सहित सारी सुविधाएं प्रदेश कांग्रेस उपलब्ध कराएगी। कई कांग्रेस नेत्रियों ने दिल्ली जाने की इच्छा जताई, कुछ का कहना रहा कि हमें ना तो वाहन उपलब्ध कराए गए, ना ही ट्रेन के टिकिट बुक कराए गए इसलिए उनका दिल्ली निकलना नहीं हुआ। कुछ महिला नेत्रियां पटवारी की घोषणा के बावजूद अपने आपको ठगा मेहसूस कर रही थी। महिलाओं के वाहन, रहने-खाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री बाला बच्चन को पटवारी द्वारा दी गई थी। इन्दौर में ऐसी कोई व्यवस्था महिलओं के लिए अलग से नजर नहीं आई। कांग्रेसी सूत्रों की माने तो कई महिला नेत्रियों ने कांग्रेस नेताओं से बात भी की और गाडियां भी मांगी, लेकिन गांडियों की व्यवस्था नहीं थी इसलिए महिलाओं ने भी अपने हाल पर जाना उचित नहीं समझा, जो महिलाएं जाना चाहती थी वे महिलाएं प्रभारी को कोसती रही।

वानखेड़े ने रवाना कराया वाहनों का काफिला





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कल बड़ी संख्या में वाहनों के साथ कांग्रेसियों को दिल्ली के लिए रवाना किया था। यह वाहन दिल्ली पहुंच चुके हैं और 500 से अधिक कांग्रेसियों का दावा किया गया। 150 से अधिक वाहनों की बात भी कही गई।

पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल के साथ कांग्रेसी दिल्ली पहुंचे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आज दिल्ली में कांग्रेस का बडा प्रदर्शन 'वोट बचाओ–देश बचाओ' महारैली के रूप मे हो रहा है। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल के साथ बडी संख्या में देपालपुर विधानसभा



से लेकर विधानसभा 5 के अन्य कांग्रेसी रवाना हुए और यह सभी दिल्ली पहुंचे और प्रदर्शन में शामिल हो रहे है। राधेश्याम पटेल, चेतन चौधरी भी रवाना हो गए। इधर कांग्रेस नेता राहुल निहोरे भी दिल्ली पहुंचे।

इंदौरी कांग्रेस नेता ने दिल्ली में दी श्रद्धांजलि



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौरी कांग्रेस नेता और यादव समाज से जुडे सदाशिव यादव काका सहित अन्य ने दिल्ली में कल इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर सफदरगंज पहुंचकर वहां इंदिरा गांधी को याद कर पुष्पांजलि दी।

निगम के दावे पर कांग्रेस का सवालिया निशान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने निगम की डिजिटल निगरानी के दावे पर सवालिया निशान जताया। द्विवेदी ने कहा कि तीन सालों में 2 हजार से अधिक सम्पत्ति निगम ने डिजिटल निगरानी में चिह्नित की, जिसमें नक्शा के विपरीत कार्य, अवैध निर्माण और 700 से अधिक रेड पेच चिह्नित किए गए। निगम दावे के मुताबिक 49.40 करोड़ की संपत्ति मुक्त कराई। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि मप्र भूमि विकास अधिनियम अनुसार फिर कार्यवाही क्यों नहीं की गई। नगर निगम के कितने अधिकारियों को अवैध निर्माण होने देने पर निलंबित किया गया। कुल कितने निजी इंजीनियर को सजा दी गई, कुल कितने अवैध निर्माण हटाए गए। कुल कितनी राशि नगर निगम में जमा की गई, संपत्ति कर पांच गुना बसूल किया गया।

हार्डिया ने की माता की आराधना



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधायक महेन्द्र हार्डिया ने इमलेश्वर गरबा समिति राजकुमार सब्जी मंडी के पास पहुंचकर माता दर्शन किए और भंडारा आयोजन में शिरकत की, उनके साथ संजय शुक्ला, नन्दकिशोर पहाड़िया, रघु यादव, मुकेश राजावत एवं बबलू केसरी, बाबू यादव, बंटी भरूडे, संतीश लांभाते सहित अन्य मौजूद थे।

आज और अगले रविवार सराफा चौपाटी नहीं लगेगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज पुष्य नक्षत्र का पर्व है और सराफा में देर रात तक खरीददारी होती है। इसलिए आज सराफा बाजार देर रात तक खुला रहेगा और रविवार होने के बावजूद चौपाटी की छुट्टी रहेगी। इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के निर्देश पर आज के अलावा धनतेरस से दीपावली याने 6 से 8 नवम्बर तक चौपाटी नहीं लगेगी। त्योहार के मद्देनजर दो रविवार चौपाटी बंद रहेगी।

इंदौर में म.प्र. का स्थापना दिवस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज म.प्र. का स्थापना दिवस है। पूरे प्रदेश के साथ इंदौर में भी यह स्थापना दिवस खुशी और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक आज सुबह लता मंगेशकर सभागृह में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आतिथ्य में स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आज लता मंगेशकर सभागृह में अलग-अलग विभाग की गतिविधियों और उत्पादों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई, जिसे निहारा जा रहा है। शुभारंभ के मंच कार्यक्रम के बाद स्कूली विद्यार्थी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे, जिसकी भी पूरी तैयारी है। कार्यक्रम के अन्तर्गत हितग्राहियों को हित लाभ भी वितरित किया जा रहा है। लता मंगेशकर सभागृह के अलावा भी आज प्रमुख शासकीय भवनों पर रोशनी लगाई गई है, जो शाम को झिलमिल करेगी और आज प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। आज सुबह सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था कि वे स्थापना दिवस के मुख्य समारोह लता मंगेशकर सभागृह में अनिवार्य रूप से मौजूद रहे।

प्रदर्शनी लगी, विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई



भाजपा के तीन जनप्रतिनिधियों ने चौथे का किया सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेन्द्र हार्डिया की जनप्रतिनिधि तिकड़ी ने अच्छी पार्षदी कर रहे वार्ड 51 के पार्षद मलखान कटारिया का सम्मान किया। इस तरह तीनों जनप्रतिनिधियों ने अपने चौथे जनप्रतिनिधि का सम्मान जनता की मौजूदगी में किया।

नई कॉलोनियों-मल्टियों में पीने और फ्लशिंग के लिए होंगी अलग-अलग पाइपलाइन

बिल्डरों को करना होगा ड्यूल वाटर सप्लाई सिस्टम का इंतजाम; एमआईसी एजेंडे में प्रस्ताव, मंजूरी के बाद नए नक्शों और विकास अनुमति में जुड़ सकता है प्रावधान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नर्मदा का कीमती पानी अब टॉयलेट फ्लशिंग, घरों की धुलाई और बागवानी में खर्च नहीं होगा। नगर निगम नई कॉलोनियों, मल्टियों और बड़े आवासीय परिसरों में पीने और गैर-पेयजल उपयोग के लिए अलग-अलग पाइपलाइन व्यवस्था अनिवार्य करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत बिल्डरों को निर्माण के दौरान ही ड्यूल पाइपलाइन सिस्टम विकसित करना होगा। एक लाइन से घरों में पीने का पानी पहुंचेगा, जबकि दूसरी लाइन से ट्रीटेड वाटर की सप्लाई होगी। इससे हर व्यक्ति प्रतिदिन करीब 45 लीटर पेयजल बचा सकेगा।

इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को महापौर परिषद (एमआईसी) की बैठक के एजेंडे में शामिल किया गया है। प्रस्ताव में नई कॉलोनियों और आवासीय परिसरों में पेयजल और उपचारित पानी के लिए अलग-अलग पाइपलाइन की व्यवस्था करने का प्रावधान है। एमआईसी से मंजूरी मिलने के बाद इसे निगम परिषद के सम्मेलन में रखा जाएगा। वहां स्वीकृति मिलने पर नई कॉलोनियों के लेआउट और भवन निर्माण की अनुमति में यह शर्त शामिल की जा सकती है।

150 लीटर में 45 लीटर पानी की होगी बचत

निगम के आंकड़ों के मुताबिक, एक व्यक्ति रोजाना औसतन 150 लीटर पानी इस्तेमाल करता है। इसमें 30 लीटर टॉयलेट फ्लशिंग और 15 लीटर घर की धुलाई जैसे कामों में खर्च होता है। यानी करीब 30 प्रतिशत पानी ऐसे कामों में उपयोग होता है, जिनमें पेयजल की जरूरत नहीं है। इन कामों में ट्रीटेड वाटर का इस्तेमाल होने से रोजाना प्रति व्यक्ति 45 लीटर पेयजल बचाया जा सकेगा।

170 उद्यानों में पहुंच रहा ट्रीटेड वाटर

निगम शहर में सीवेज के पानी को उपचारित कर दोबारा इस्तेमाल करने का नेटवर्क भी बढ़ा रहा है। वर्तमान में 436.5 एमएलडी की स्थापित क्षमता के मुकाबले औसतन 340 एमएलडी सीवेज का ट्रीटमेंट किया जा रहा है। शहर के 170 उद्यानों में ट्रीटेड वाटर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 95 किलोमीटर पाइपलाइन और 45 हाइड्रेंट का नेटवर्क तैयार किया गया है।

चार जगह लगेंगे 30 एमएलडी के प्लांट

ट्रीटेड वाटर की गुणवत्ता बेहतर करने के लिए चार टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट प्रस्तावित हैं। सांवेर रोड पर 3, कनाड़िया में 8, टिगरिया बादशाह तालाब के पास 9 और कबीटखेड़ी में 10 एमएलडी क्षमता के प्लांट लगाए जाने की तैयारी है। इनसे उपचारित पानी को गैर-पेयजल उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। नई व्यवस्था लागू होने पर नर्मदा के पानी पर निर्भरता कम करने और शहर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकती है।

दीपावली के त्यौहार की बेला में बाजारों में मिली अव्यवस्था

बिगड़े हुए हालात का कोई जवाब नहीं था निगम अधिकारियों के पास



इंदौर दीपावली के त्यौहार की बेला में बाजारों में अव्यवस्था फैली हुई थी। इसे सुधारने का काम जिन निगम अधिकारियों के पास था उनके द्वारा काम में रुचि नहीं ली गई। जब इन अधिकारियों से पूछा गया कि हालात इतने बिगड़े हुए क्यों हैं तो उसका कोई जवाब उनके पास नहीं था। यह स्थिति आज सुबह उस समय बनी जब महापौर पुष्यमित्र भार्गव बाजारों का दौरा करने के लिए निकलें। त्योहारों के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और व्यापारियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए भार्गव ने कपड़ा मार्केट, सीतलामाता बाजार, बर्तन बाजार, मारोठिया का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने अधिकारियों को कहा कि त्योहारों के दौरान बाजार में स्वच्छता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने, बाजार में अनावश्यक रूप से लटक रहे बिजली और केबल के तारों को व्यवस्थित करने तथा हर साल की तरह पारंपरिक रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। महापौर ने कहा कि त्योहारों का समय है अतिक्रमण की कार्रवाई करने के लिए यहां पर बिना मतलब का रिमूवल लेकर आने की जरूरत नहीं है। व्यापारी ओटले पर अभी दुकान नहीं लगाएगा तो कब लगाएगा। व्यापारी परेशान नहीं होने चाहिए। व्यापारी संघ के केलाश मुंगड ने बताया कि बाजार में अस्थायी रूप से मंडी लगने के कारण व्यापारियों और ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीतला माता बाजार में हुए डामरीकरण को लेकर व्यापारियों द्वारा शिकायत पर महापौर ने उसकी गुणवत्ता देखी जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर को मौके पर बुलाकर कहा यह ठीक बात नहीं है। डामर की गुणवत्ता खराब है इस पर ठेकदार पर कार्रवाई होनी चाहिए। पेंचवर्क की गुणवत्ता को लेकर पहले भी शिकायतें मिल चुकी हैं। बार-बार शिकायत आने के बावजूद यदि गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है तो ठेकदार पर कार्रवाही क्यों नहीं हो रही है। बाजार में जगह-जगह लटक रहे बिजली और केबल के तारों को लेकर भी नाराजगी जताई। दीपावली के बाद पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर सभी अनावश्यक और लटकते तारों को हटाया जाएं तथा केबल नेटवर्क को व्यवस्थित किया जाएं।

बंद हो गया खजराना गणेश मंदिर में जीर्णोद्धार का कार्य

काम बंद होने के कारणों को लेकर किसी के पास कोई जवाब नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

लाखों नागरिकों की श्रद्धा के केंद्र खजराना के गणेश मंदिर में शुरू किया गया गर्भ गृह का जीर्णोद्धार और नवीनीकरण का कार्य बंद हो गया है। यह कार्य पूरा भी नहीं हो पाया और इसे बंद करना पड़ा है। इस बारे में जब मंदिर की प्रबंध समिति के अधिकारियों से पूछा गया तो उनके पास कोई जवाब नहीं है।

खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह मुख्य प्रवेश द्वार और बाहर जोर शोर से प्रारंभ किया गया जीणोद्धार का कार्य आखिर रुक गया है। पिछले डेढ़ माह से यह काम बंद है। बताया जाता है कि यह कार्य मंदिर के एक भक्त के सहयोग से कराया जा रहा था।



जब यह काम प्रारंभ किया गया तो यह प्रचारित किया कि मुख्य द्वार चौड़ा होने, गर्भ गृह में सजावट होने के साथ ही बाहर 10 फीट के भाग को नीचे किए जाने से भक्तों को दर्शन में सुविधा होगी। यह कार्य सिंहस्थ में बड़ी संख्या में आने वाले भक्तों को देखते हुए किया जा रहा था।

इस काम को बहुत तेजी के साथ शुरू किया गया था लेकिन अचानक ही बंद कर दिया गया है। यह कार्य बंद क्यों हुआ है इस बारे में जब मंदिर समिति के पदाधिकारी से पूछा गया तो उनके पास में कोई जवाब नहीं था। ध्यान रहे कि इस कार्य के शुरू होने के समय से ही इस काम को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। मंदिर के ही एक पुजारी के द्वारा इस कार्य का विरोध करते हुए कहा गया था कि किसी भी हालत में गर्भ गृह की स्थिति में छेड़छाड़ नहीं की जाना चाहिए। देश के जितने भी बड़े मंदिर हैं वहां पर जैसे गर्भ ग्रह पहले से है वैसे के वैसे ही आज भी है। ऐसा नहीं है कि इन मंदिरों में गर्भ गृह को बड़ा नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद यदि इन मंदिरों के गर्भ गृह में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है तो उसके पीछे कारण पुरातन नियम है। इन नियमों की अनदेखी करते हुए खजाना गणेश मंदिर में गर्भ ग्रह को बड़ा करने का काम किया जा रहा था जो कि अब अधर में लटक गया है।

आज भी जारी है मराठी जत्रा

कल रात भी पहुंचे थे समाजजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल शनिवार को जत्रा में दोपहर से ही मराठी समाजजनों का पहुंचना शुरू हो गया था और शाम होते-होते रात तक समाजजनों का व्यंजन और सामग्री स्टॉल पर पहुंचना जारी रहा था। खाने-पीने और सामग्री के कई स्टॉल लगे थे। गांधी हॉल में आज रविवार को भी बड़ी संख्या में मराठी समाजजन पहुंचेंगे और आज जत्रा आयोजन का समापन भी होगा। दीपावली की खरीददारी के अलावा खान-पीन के स्टॉल पर भी भीड़ रही। प्रवेश द्वार से अन्दर तक के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई थी। सुधीर दांडेकर, राजेश शाह, तृप्ति महाजन, सुमेधा बावकर सहित अन्य आयोजन से जुड़े हैं।

निगम नहीं उठा पा रहा है कचरा और लोग लगा रहे हैं कचरे में आग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

दीपावली के त्यौहार की निकटता के कारण इन दिनों लोगों के घरों से कचरा रोज की तुलना में ज्यादा निकल रहा है। ऐसे में नगर निगम के द्वारा कचरा नहीं उठाया जा रहा है। इसके चलते हुए कई स्थानों पर कचरे के ढेर लग गए हैं। इनमें से कुछ स्थानों पर इस कचरे को जलाकर नष्ट किया जा रहा है।

घर-घर से कचरा संग्रहण करने के लिए गाड़ी चलाई जाती है। इसके साथ ही नागरिकों से कचरा परिवहन शुल्क भी वसूल किया जाता है। जब





दीपावली का त्यौहार आता है तो लोगों के द्वारा अपने घर की साफ सफाई का अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के कारण घरों से रोज की तुलना में ज्यादा कचरा निकलता है। इस ज्यादा कचरे को घर-घर से कचरा संग्रहण वाली गाड़ी ले जाने के लिए तैयार नहीं होती है। इन दिनों अलग-अलग क्षेत्र में इन गाड़ी के साथ चलने वाले कर्मचारियों और नागरिकों के बीच में विवाद हो रहे हैं। जब कचरा गाड़ी के द्वारा अतिरिक्त कचरा नहीं लिया जाता है तो फिर मजबूर होकर नागरिकों को वह कचरा सार्वजनिक स्थान या सड़क के किनारे पटकना पड़ता है। इसके साथ ही मकान की बैक लेन में भी यह कचरा फेंक दिया जाता है। निगम की टीम सड़क के किनारे और बैक लेन से भी इस कचरे को नहीं उठा रही है। इसके चलते हुए शहर में बहुत सारे स्थान पर कचरे के ढेर नजर आना शुरू हो गए हैं। इन स्थानों पर जब बहुत दिनों तक निगम की टीम के द्वारा कचरा नहीं उठाया जाता है तो लोग कचरे के ढेर में आग लगा देते हैं जिससे कि पर्यावरण खराब और प्रदूषण फैलने लगता है। आज सुबह महेश गार्ड लाइंस के पास में स्थित कुशवाहा नगर और उसके आसपास की कॉलोनी में इसी तरह के कचरे के ढेर लगे हुए नजर आए। इनमें कुछ स्थानों पर कचरे में आग भी लगी हुई थी जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाला धुआं निकल रहा था।

गौरवशाली अतीत, विकासशील वर्तमान और समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश-डॉ. मोहन यादव

मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, समृद्ध परंपराओं, विकास यात्रा और सामूहिक संकल्पों का उत्सव है। 1 नवंबर 1956 को अस्तित्व में आए हमारे मध्यप्रदेश ने सात दशकों में अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। प्राकृतिक संपदा, नदियों, वनों, ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक स्थलों, जनजातीय संस्कृति और मेहनतकश नागरिकों से समृद्ध यह प्रदेश आज देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

भगवान श्रीमहाकाल की नगरी उज्जैन, मां नर्मदा की पावन धारा, सांची का विश्व-विख्यात स्तूप, खजुराहो की अद्भुत स्थापत्य कला, भीमबेटका की ऐतिहासिक विरासत और जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपराएं हमारी पहचान हैं। मध्यप्रदेश की यही विविधता हमारी शक्ति है। आज हमारा लक्ष्य इस विरासत को संरक्षित रखते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करना है।

वर्ष 2026 को हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इसी भावना के साथ इस वर्ष मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की मूल भावना 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' है। हमारा विश्वास है कि किसान खुशहाल होगा तो गांव समृद्ध होंगे और गांव समृद्ध होंगे तो मध्यप्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा। मध्यप्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है। हमारे किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। किसानों की आय में वृद्धि, कृषि को लाभकारी बनाना और खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए किसान कल्याण को लेकर राज्य सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही है।

हम सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, कृषि अधोसंरचना के विकास, प्राकृतिक खेती, उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्रों, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। खेती के साथ उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन और पशुपालन जैसी गतिविधियों को जोड़कर किसानों के लिए आय के अतिरिक्त अवसर विकसित किये जा रहे हैं। हमारा संकल्प है कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और समृद्ध भी बने। किसान की समृद्धि ही मध्यप्रदेश की समृद्धि का वास्तविक आधार है।

युवा किसी भी प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। मध्यप्रदेश के युवाओं में प्रतिभा, परिश्रम, ऊर्जा और नवाचार की अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्राशिक्षण, तकनीकी शिक्षा और रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ना आवश्यक है। खेलों के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। आधुनिक खेल मैदान, प्रशिक्षण सुविधाएं और खेल अधोसंरचना युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करेंगी।हम चाहते हैं कि मध्यप्रदेश का युवा नौकरी पाने वाला ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला उद्यमी और समाज का नेतृत्व करने वाला व्यक्तित्व भी बने।



मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

महिलाओं की भागीदारी के बिना विकास की कल्पना अधूरी है। हमारी सरकार महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।स्व-सहायता समूहों, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण और महिला उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।हमारा मानना है कि जब महिला आत्मनिर्भर बनती है तो पूरा परिवार सशक्त होता है। इसलिए महिलाओं को केवल लाभार्थी योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की भागीदार और नेतृत्वकर्ता बनाना हमारा संकल्प है।

आज दुनिया तेजी से तकनीक और नवाचार के माध्यम से आगे बढ़ रही है। मध्यप्रदेश के युवाओं के विचारों को उद्यम में बदलने के लिए स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।हमारा प्रयास है कि युवाओं को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, निवेश के अवसर और अनुकूल व्यावसायिक वातावरण मिले। कृषि तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, सूचना प्रौद्योगिकी और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में स्टार्टअप के लिए अपार संभावनाएं हैं।मध्यप्रदेश को नवाचार और उद्यमिता का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के युवा अपने नए विचारों से न केवल स्वयं आगे बढ़ें, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करें।

शिक्षा किसी भी समाज के परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है। सांदीपनि विद्यालयों की परिकल्पना प्रदेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।इन विद्यालयों के माध्यम से आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं, योग्य शिक्षकों, बेहतर अधोसंरचना और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।हम चाहते हैं कि गांव और शहर के बच्चों को समान रूप से उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त हो। शिक्षा के साथ संस्कार, खेल, विज्ञान, तकनीक और रचनात्मक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिले। आज के विद्यार्थी ही विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत के भविष्य के निर्माता हैं।

विकास के लिए शांति और सुरक्षा का वातावरण अनिवार्य है। हमारी सरकार कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर प्रतिबद्ध है।पुलिस व्यवस्था का आधुनिकीकरण, तकनीक का उपयोग, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकताएं हैं। महिलाओं, बच्चों और समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।हमारा उद्देश्य ऐसा मध्यप्रदेश बनाना है, जहां प्रत्येक नागरिक भयमुक्त वातावरण में जीवन व्यतीत कर सके और निवेशकों तथा उद्यमियों को भी सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो।

सुशासन का वास्तविक अर्थ है नागरिकों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान इसी भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।हमारी कोशिश है कि सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए, अनावश्यक प्रशासनिक जटिलताओं को कम किया जाए और नागरिकों को अधिक सुविधा मिले। सरकार का उद्देश्य नागरिकों को परेशान करना नहीं, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करना है।जनता का विश्वास ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी है। हमारा संकल्प है कि प्रशासन अधिक जवाबदेह, संवेदनशील और जनकेंद्रित बने।

पशुपालन मध्यप्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। यह किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। पशुओं के स्वास्थ्य, उपचार, टीकाकरण, नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन और गोवंश संरक्षण को प्रोत्साहित करना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। पशुपालकों को आधुनिक तकनीक और बेहतर सुविधाओं से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं।हमारा विश्वास है कि पशु कल्याण और पशुपालन को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान की जा सकती है।

स्वास्थ्य किसी भी समाज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। हमारी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों।सरकारी अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, चिकित्सा शिक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, रोगों की रोकथाम और स्वास्थ्य जागरूकता भी हमारी प्राथमिकताओं में हैं। हम ऐसा स्वास्थ्य तंत्र विकसित करना चाहते हैं, जहां किसी भी नागरिक को बेहतर उपचार के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस हमें अपनी उपलब्धियों पर गर्व करने के साथ भविष्य के प्रति नई जिम्मेदारियों का बोध भी कराता है। हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक संपदा और गौरवशाली परंपराओं को संरक्षित रखते हुए आधुनिक, आत्मनिर्भर और विकसित प्रदेश का निर्माण करना है।

आइए, मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर हम सब मिलकर एक ऐसे प्रदेश के निर्माण का संकल्प लें, जहां विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिले और हमारी आने वाली पीढ़ियां एक समृद्ध, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश पर गर्व कर सकें।

(लेखक-मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री)









पुष्य नक्षत्र के मुहूर्त में हुई बहीखातों की खरीददारी

पारम्परिक वेशभूषा में पहुंचे दुकान पर, सोना-चांदी और अन्य सामान की भी होगी आज खरीदी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। करीब 23 घंटे का पुष्य नक्षत्र शुरू हो चुका है और आज सुबह के मुहूर्त में व्यापारियों ने अपनी पुरानी पारम्परिक वेशभूषा में सिर पर टोपी लगाकर कुर्ता-पजामा पहनकर बहीखातों की दुकान पर पहुंचकर इस आधुनिक कम्प्यूटर के युग में बहीखाते खरीदे, जो शगुन के रूप में माने जाते हैं। आज रविवार होने के बावजूद बहीखातों की दुकानें अलसुबह ही खुल गई थी। बहीखाते की दुकानें सुबह खुली, लेकिन दूसरी अन्य दुकानें भी आज सुबह 11 बजे से खुलना शुरू हो गई थी, कई दुकानें और जल्दी भी खुली थी। अगले रविवार तो दीपावली है इसलिए दीपावली के पहले का आज रविवार दुकानदारों के लिए महत्वपूर्ण है। आज जहां उद्योगों में भी काम हो रहा है, वहीं करीब-करीब सारे बाजार भी आज देर रात तक खुले रहेंगे, बाजार रोशन रहेंगे और खरीददार भी आज जमकर खरीददारी करेंगे। आज बाजारों में करोड़ों रुपये के व्यवसाय की उम्मीद जताई जा रही है। एक तो दीपावली के पहले का रविवार और दूसरा आज पुष्य नक्षत्र होने के कारण खरीददारी होगी। सराफा की दुकानें भी आज जल्दी खुली है, बर्तन मार्केट से लेकर इलेक्ट्रानिक दुकान और रेडिमेड दुकान से लेकर कपड़ों की दुकान, सजावट की दुकान भी आज खुल गई है। करीब-करीब सारे बाजार आज खुले मिलेंगे। कुछ दुकानदार आज सफाई व्यवस्था भी संभाले हुए हैं। वहीं कुछ उद्योगों में भी सफाई व्यवस्था हो रही है। आज घरों में भी अंतिम दौर की सफाई चल रही है, ऐसी ही स्थिति कार्यालय और अन्य संस्थानों की भी है, जहां सफाई के दौर अंतिम रूप में चल रहे हैं। आज व्यापारियों ने मुहूर्त में दुकानें खोलकर दिन भर अच्छे व्यवसाय की उम्मीद भी जताई है। हर बाजारों में आज जमकर खरीददारी होगी, धन बरसेगा। सही मायने में आज से दीपावली शुरू हो चुकी है, वह बात अलग है कि धनतेरस से भाईदूज तक दीपावली मानी जाती है, लेकिन आगाज पुष्य नक्षत्र से शुरू हो जाता है।



सराफा की दुकानें सुबह जल्दी खुल गई

महिला इलेक्ट्रीशियन द्वारा निर्मित विद्युत लाइटिंग की प्रदर्शनी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। समान सोसायटी द्वारा महिलाओं को तकनीकी रोजगार से जोड़ने की पहल के अंतर्गत महिला इलेक्ट्रीशियन द्वारा दीपावली पर घरों को रोशन करने के लिए कई आकर्षक लाइटिंग बनाई गई है। इन्हीं लाइटिंग्स की प्रदर्शनी आज मूसाखेड़ी के मयूरनगर स्थिति प्रशिक्षण केन्द्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि देश में पहली बार इंदौर में महिला इलेक्ट्रीशियन वर्कशाप स्थापित की गई है, जहां महिलाएं हाउस वायरिंग, घरेलू उपकरणों के रिपेयर एवं फिटिंग के कार्य करके बेहतर तथा सम्मानजनक आजीविका संचालित कर रही है। साथ वे जेण्डर आधार पर रोजगार के बंटवारे की प्रथा को चुनौती देते हुए यह साबित कर रही है कि महिलाएं किसी भी तकनीकी रोजगार में सक्षम है। इसी कड़ी में दीपावली के अवसर पर महिला इलेक्ट्रीशियन में कई आकर्षक झूमर, झिलमिलाते तोरण और लाइटिंग्स तैयार की है। आने वाले समय दीपावली से पूर्व शहर के मालवा मिल, बाणगंगा एवं हवा बंगला क्षेत्र में इनके स्टाल भी लगाए जाएंगे, जहां शहरवासी इन्हें क्रय कर सकें।

समता संघ करा रहा है तीन स्थानों पर संतों के प्रवचन

जैन समाजजन ले रहे हैं धार्मिक लाभ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। साधुमार्गी जैन समता संघ द्वारा शहर के तीन प्रमुख स्थानों पर संतों के प्रवचन कराए जा रहे हैं। मुकुट मांगलिक भवन गुमाश्ता नगर में आदित्य मुनि म.सा., यशवंत निवास रोड समता भवन, विंध्याचल नगर स्थानक पर भी संतों के प्रवचन चल रहे हैं। बड़ी संख्या में जैन समाजजन सुबह 8 से 10 बजे तक धार्मिक लाभ ले रहे हैं। पारस बोहरा, मनीष बोहरा ने उक्त जानकारी दी।

सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा-2026 आज 39 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा दोपहर 12 से 3 बजे तक चलेगी, जिसमें 15,924 अभ्यर्थी शामिल हुए हैं। इन सभी परीक्षार्थियों की चेकिंग प्रक्रिया त्रिस्तरीय स्तर पर की गई। सीसीटीवी सर्विलांस, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग, एचएचएमडी (हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर) के माध्यम से तलाशी तथा वीओआईपी की व्यवस्था रही।

डॉ. नाडकर्णी को लाइफ टाइम अवार्ड

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। 35 वर्षों में लगातार मिर्गी के मरीजों के उपचार का कीर्तिमान स्थापित करने पर गीता भवन हॉस्पिटल की हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट ऑफ़ न्यूरोलोजी डॉ. वीवी नाडकर्णी को द इंडियन एकेडमी ऑफ़ न्यूरोलोजी ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने यह सम्मान दिया। सम्मान पर गीता भवन के राम ऐरन, इंदौर चेप्टर के डॉ. बसंत डाकवाले सहित अन्य ने बधाई दी।



छात्रों को राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की दिलाई शपथ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शासकीय कॉलेज राऊ में कल सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता और देश भक्ति की शपथ दिलाई। अतिथियों ने प्रेरक उद्बोधन भी छात्रों को दिए। महिलाओं की भागीदारी और युवतियों को राष्ट्र निर्माण में आगे आने की जानकारी दी गई। डॉ. सचिन शर्मा, किरण सूर्यवंशी, डॉ. अनिल सिंह, प्रो. मनीष महंत, डॉ. अनुराग सिंह राव, डॉ. संध्या शर्मा ने अपनी भूमिका निभाई।



स्काउट्स-गाइड्स कैडेट्स ने संभाली व्यवस्था

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यातायात प्रबंधन ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने के उद्देश्य से स्काउट गाइड कैडेट्स को भी लगाया और उन्होंने रोड पर यातायात व्यवस्था संभाली। वाहन चालकों को यातायात के नियम बताए। पुलिस अधिकारी विक्रमसिंह रघुवंशी, अरविंद दांगी की भूमिका प्रमुख रही। स्कूल प्राचार्य सोनाली पारे भी अपने छात्रों के स्काउट गाइड के रूप में व्यवस्था से खुश नजर आए।

'जल संकट से जल सुरक्षा' विषय पर परिचर्चा का आयोजन आज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. द्वारा 'जल संकट से जल सुरक्षा' विषय पर आज रविवार, 1 नवंबर को अभिनव कला समाज सभागार में दोपहर 2:30 बजे से परिचर्चा का आयोजन किया गया है। इस परिचर्चा में विषय विशेषज्ञ जल संकट की गंभीर होती समस्या, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव तथा जल संरक्षण एवं टिकाऊ जल प्रबंधन के प्रभावी उपायों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। दिलीप वाघेला, डॉ. संदीप नरुलकर, सुधेन्द्र मोहन शर्मा, डॉ. उपासना गुप्ता वक्ता होंगे। अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल करेंगे।



उर्मिलिया का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सह प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. नितिन उर्मिलिया को कार्यक्रम के अन्तर्गत उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सम्मानित किया। यह सम्मान आर्युवेद चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में उनके द्वारा किये जा रहे शोध, शिक्षण एवं जन स्वास्थ्य सेवा के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया।

सिमरोल की 42 एकड़ जमीन को लेकर बहनें आई सामने



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सिमरोल क्षेत्र में स्थित दशरथ राव लाभांते की करीब 42 एकड़ जमीन को लेकर पारिवारिक और राजस्व विवाद सामने आया है। आरोप है कि दशरथ राव के पुत्रों और परिजनों ने कथित तौर पर राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलीभगत कर पांच बहनों के नाम राजस्व रिकॉर्ड से हटवा दिए और जमीन का नामांतरण अपने नाम करवा लिया। बहनों को जब इस पूरे मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने वकील के माध्यम से न्यायालय की शरण ली। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने विवादित भूमि के अंतरण पर स्थगन आदेश (स्टे) जारी किया, ताकि किसी भी पक्ष के अधिकारों का हनन न हो सके। इसके बावजूद आरोप है कि ग्राम सिमरोल स्थित लांभाते परिवार के कुछ प्रभावशाली लोगों ने न्यायालय के स्थगन आदेश की कथित अवहेलना करते हुए जमीन की कई रजिस्ट्रियां व नामांतरण करवा कर अवैध रूप से प्लॉट काटकर बेचना शुरू कर दिया। अपने हक और अधिकारों के लिए पांचों बहनों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, कलेक्टर कार्यालय और रजिस्ट्रार कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित बहनों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, कथित अवैध रजिस्ट्रियों पर रोक लगाने और उन्हें उनका कानूनी अधिकार दिलाने की मांग की है।



रामस्नेही भक्तों ने किया रामदयाल महाराज का स्वागत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रामस्नेही भक्त मुकेश कचोलिया ने बताया कि श्रद्धालुओं ने रामस्नेही संत आचार्य रामदयाल महाराज 18 साल बाद दीपावली मनाने छावनी रामद्वारा आए तो रामस्नेही भक्तों ने अपने संत की पदावरणी करते हुए स्वागत किया। अगवानी में मुकेश कचोलिया, सतीश कचोलिया, योगेश सोनी, प्रदीप पड़तानी, सुनील जायसवाल, रीना परतानी, वर्षा जायसवाल, प्रेमलता सैनी, संगीता कचोलिया, आशीष सोनी, सुभाष धनोतिया, रितेश कृपलानी, सुरेश हेड़ा, संजय गुप्ता, कृष्णा पोरवाल मौजूद थे।

किंडर बड्स स्कूल के विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्कारों की पाठशाला किंडर बड्स स्कूल स्पोकन इंग्लिश के अलावा विद्यार्जन और संस्कार भी देते है। वर्ष भर में 50 गतिविधियां संचालित की जाती है। वार्षिकोत्सव के अन्तर्गत कक्षा प्री-नर्सरी से कक्षा 7 तक के बच्चों ने नौ रसों पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं। ये रस हैं: श्रृंगार रस, हास्य रस, करुणा रस, रौद्र रस, वीर रस, भयानक रस, वीभत्स रस, अद्भुत रस, शांत रस। 'जादू है', 'जुडी डुबी', 'जगन्नाथ', 'वो कृष्णा है', 'राधा गोरी गोरी', 'सूर्यवंशम', 'सिंघम', 'देवा श्री गणेशा', 'गंगा अवतरण', की प्रस्तुति दी



गई। मुख्य अतिथि नरेश फुंदवानी, चांदनी फुंदवानी, अतिथि डॉ. राकेश उपाध्याय, श्वेता उपाध्याय, संजय पंजवानी, आशीष पटेल, प्रियंका तिवारी, डॉ. वंदना मिश्रा थे। निदेशक डॉ. धीरज हसीजा एवं प्राचार्य डॉ. दीपिका हसीजा ने अपनी भूमिका निभाते हुए वार्षिक रिपोर्ट भी पेश की। प्रमाण पत्र भी विद्यार्तियों को वितरित किए गए। प्रतिष्ठा हासीजा, लक्ष्य हासीजा, राम पगारानी, वंश वाधवानी, रेणुका जोशी, लविश झारिया, सीमा सेन ने अपनी भूमिका निभाई।



बस्ती में बन रहे हैं दीपक

विद्यार्थी भी कर रहे हैं सहयोग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अदभुत कम्युनिटी द्वारा कालेज के 20 से अधिक विद्यार्थियों के सहयोग से बस्ती में दीपावली के लिए दीपक बनाने का कार्य करवाया जा रहा है। संस्था द्वारा बस्ती में कपडे, मिठाई, पटाखे उपहार में दिए जाते है। संस्था शिक्षा की चौपाल भी बस्ती में लगाती रही है।

शेख का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिला कोर्ट परिसर में आयोग मित्र नियुक्त होने पर सलीम शेख का सम्मान किया गया। दिलीप राजपाल, सत्येन्द्र वर्मा, अब्दुल गफ्फार खान, अनोखीलाल अंगदेले, सुभाष जैन, राजेश गोगले, अनोखीलाल मदुराज, विजय कुशवाह, आकांक्षा सिंह, अभयसिंह परमार, शाहिद हाशमी, शफी सहित अन्य मौजूद थे।

अग्रसेन सोशल ग्रुप के परिचय सम्मलेन की तैयाारियां

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रसेन सोशल ग्रुप द्वारा तीन दिवसीय अ. भा. अग्रवाल व वैश्य युवक- युवती परिचय सम्मेलन 19, 20 एवं 21 दिसम्बर को शुभकारज गार्डन पर आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय आयोजन के लिए देशभर के शहरों में प्रविष्टियों के लिए 100से अधिक केंद्र बनाएं गए हैं। शिव जिंदल, राजेश गर्ग, कमलेश मित्तल, राजू बंसल, विनोद गोयल ने बताया कि 200 से अधिक प्रविष्टियां आ चुकी है। इनमें युवकों की प्रविष्टियां ज्यादा है। इनमें कई उच्च शिक्षित और बडे पैकेज के युवक-युवती भी है। सम्मेलन में बिना दहेज शादी करने की घोषणा करने वाले युवक प्रत्याशियों के सम्मान का निर्णय भी लिया गया। लगभग 2200 प्रविष्टियां आने का अनुमान है। इसी हिसाब से सम्मेलन की सभी व्यस्था की जा रही है। सतीश गोयल, राजकुमार बंसल, निरंजन गुप्ता, ज्योति अग्रवाल,मनीष मित्तल, राजेंद्र गोयल,, गोपाल गर्ग, शरद गोयल भी अपनी भूमिका निभा रहे है।

शासकीय अधिकारी-कर्मचारी मंच करेगा दीपावली मिलन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शासकीय अधिकारी कर्मचारी मंच का दीपावली मिलन समारोह दशहरा मैदान पर 15 नवम्बर को आयोजित होगा।



चन्द्रसेन विराट स्मृति प्रसंग आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गीतकार चन्द्रसेन विराट की स्मृति में संतोष सभागार में साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद् तथा मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा स्मृति प्रसंग आयोजित किया। गोपाल माहेश्वरी, चंद्रभान भारद्वाज, डॉ. विकास दवे,चंद्रसेन ढोके, गौरव साक्षी, बलराम बल्लू, महेन्द्रसिंह पंवार, कांता प्रसाद, अंशुल अराध्यम, हिमांशु वर्मा, अपूर्वा चतुर्वेदी, काजल तिवारी, शिवानी रघुवंशी, क्रांति पांडे, डॉ. अर्पण जैन, प्रदीप नवीन, देवेंद्र सिंह सिसौदिया, ज्योति जैन, डॉ. अखिलेश राव, मुकेश तिवारी, समीक्षा नायक, सुनीता दवे, शीला बड़ोदिया, कौस्तुभ माहेश्वरी, अक्षत व्यास ने अपनी भूमिका निभाई।

दो वरिष्ठों को किया अवार्ड से सम्मानित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



हेल्थकॉन ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन के अन्तर्गत प्रथम दिन आयोजन में चिकित्सा विशेषज्ञों, आयुर्वेदाचार्यों, योग गुरुओं, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। दिनभर विभिन्न ज्ञानवर्धक व्याख्यान, पैनल डिस्कशन, विशेष गतिविधियाँ एवं शोध आधारित सत्र आयोजित किए गए, जिनमें समग्र स्वास्थ्य और भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की उपयोगिता पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में विगत 45 वर्षों से निरंतर उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए डॉ. आर.के. वाजपेयी,श्याम शर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। संभाग आयुक्त भास्कर लक्षकार, डॉ. गोपीचंद्रन, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. मोहम्मद मोहसिन, डॉ. आनंद कुमार चतुर्वेदी, अश्विनी वर्मा, डॉ. हेमंत शर्मा, अनिल अग्रवाल मौजूद थे। आज दूसरे दिन सुबह योग एवं प्राणायाम सत्र, योगिक शुद्धि क्रियाओं के प्रदर्शन, ध्यान के किए गए। वहीं आज व्याख्यान, पैनल चर्चा और समापन का आयोजन भी होगा। डॉ. प्रमोद नंदवाल ने उक्त जानकारी दी।

पेड़ कटने को लेकर आज शाम शोक सभा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पर्यावरण प्रेमी मंच ने रानी सराय के पेड़ कटने पर पेड़ और पक्षियों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज रविवार की शाम 5.30 बजे रानी सराय में शोक सभा का आयोजन किया है। पदाधिकारियों का कहना रहा कि रानी सराय में दशकों से बसेरा किए हुए तोते, मैना, गिलहरियों और पेड़ों का संसार उजड़ गया है। मंच का कहना है कि कुछ चंद लोगों की परिकल्पनाओं के कारण जीवन जटिलता में पड़ रहा है। हम रानी सराय के पेड़ और तोते-मैना को नहीं बचा पाए, यह हमारे लिए अत्यंत खेद का विषय है। उन बेजुबानों के दर्द को अभिव्यक्त करने और वीरगति को प्राप्त पक्षियों की आत्मा की शांति के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया है। पर्यावरण और पक्षी प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है।



विकास कल्याण बोर्ड के सदस्य ने किया दौरा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। केन्द्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से जुड़े विकास कल्याण बोर्ड सदस्य स्वरूपसिंह बंजारा ने तीन दिवसीय दौरा इंदौर का किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू समुदायों की बस्तियों का दौरा कर उनकी सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति का जायजा लिया। साथ ही समुदाय के लोगों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों से चर्चा भी की। हितग्राहियों तक केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके भी निर्देश दिए गए। जिला समन्वयक ऋतुजा पहाड़िया ने कई जानकारियां दी। प्रकाश मानावत, गेंदालाल जाधव, राकेश पाल, कैलाश मानावत, करण नायक, जोरावरसिंह चौधरी, सीमा नायक, बबलू राठौर, पूनम राठौर, जयसिंह नायक, मोहन पाल, नेमिचंद नायक, इंदरसिंह चौधरी, जितेन्द्र यादव, ज्ञानी किरपाल सिंह, रामेश्वर पंवार, शंकर पंवार, आनंद नायक, अनिल सोनी, निर्भयसिंह ठाकुर सहित अन्य ने मौजूद रहकर अपनी भूमिका निभाई।

नई सोच, नई गति से
आगे बढ़ता मध्यप्रदेश





71वां स्थापना दिवस समारोह

1-3 नवम्बर, 2026





शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा

लाल परेड ग्राउंड, भोपाल

71वें स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

“
हर जीवन को स्पर्श करते विकास से,
हर चेहरे पर मुस्कान लाती समृद्धि तक
किसान के खेत से युवाओं के सपनों और
नारी के सम्मान से वंचितों की उन्नति तक

बदलाव की मिसाल बनता मध्यप्रदेश

D-11158/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण

@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

संपादकीय

भगदड़ के बाद भीड़ को दोष देना आसान, जवाबदेही तय करना मुश्किल

पुलिस ने चोरबागान मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से दो लोगों पर आरोप है कि उन्होंने यह अफवाह फैलाकर अफरा-तफरी मचा दी कि पंडाल का एक हिस्सा गिर रहा है। देश भर में धार्मिक आयोजनों, उत्सवों और सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान भगदड़ की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। हर बार ऐसी घटनाओं के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठते हैं, जांच के आदेश दिए जाते हैं और भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के दावे किए जाते हैं। मगर सरकारी तंत्र की ओर से दिखाई जाने वाली यह सक्रियता और सतर्कता वक्त के साथ शिथिल पड़ जाती है। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के चोरबागान पूजा पंडाल में पिछले दिनों हुई भगदड़ की घटना के मामले में भी जांच के स्तर पर गंभीरता और संवेदनशीलता का अभाव नजर आ रहा है। पुलिस के एक आला अधिकारी ने जांच के प्रारंभिक निष्कर्षों का हवाला देते हुए कहा कि बारिश के कारण निकास द्वार पर महिलाओं की भीड़ जमा हो गई, जिस कारण भगदड़ मच गई। मगर सवाल है कि ऐसी स्थिति में भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? इसके लिए भीड़ को दोष देकर प्रशासन और आयोजक अपनी जवाबदेही से पल्ला कैसे झाड़ सकते हैं! इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि एक ओर सरकारी स्तर पर धार्मिक स्थलों और आयोजनों को पर्यटन से जोड़कर राजस्व के संसाधन सृजित करने पर जोर दिया जा रहा है, तो दूसरी तरफ श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता कहीं नजर नहीं आती है। आखिर भगदड़ की घटनाओं से सबक क्यों नहीं लिया जाता, ताकि व्यवस्था में खामियों को दूर कर भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति को रोका जा सके? पुलिस ने चोरबागान मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से दो लोगों पर आरोप है कि उन्होंने यह अफवाह फैलाकर अफरा-तफरी मचा दी कि पंडाल का एक हिस्सा गिर रहा है। जाहिर है, इस कोण से भी गहन जांच किए जाने की जरूरत है, लेकिन यह सवाल अपनी जगह कायम है कि आयोजन स्थल पर इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए माकूल प्रबंध क्यों नहीं किए गए थे? इस सबके लिए जब तक आयोजकों और प्रशासन के संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक हादसों पर अंकुश नहीं लग पाएगा। धार्मिक आयोजन तभी सफल माने जा सकते हैं, जब उनमें शामिल होने वाला हर व्यक्ति सकुशल अपने घर लौट सके।

पीएससी की तैयारी कर रही छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में लगाई फांसी

इंदौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका इंदौर में रहकर लोक सेवा आयोग परीक्षा की तैयारी कर रही थी।



मृतका की पहचान जूलिया पिता शैलेंद्र उइके(20) मूल निवासी सिवनी जिले के रूप में हुई है। जूलिया भंवरकुआं क्षेत्र स्थित तिषविला हॉस्टल में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। घटना के वक्त जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो सहपाठियों और हॉस्टल प्रबंधन को शंका हुई। कमरे में देखने पर वह फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलते ही भंवरकुआं पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचित कर मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

खाना बनाते समय झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

इंदौर। क्षिप्रा थाना इलाके के एक गांव में खाना बनाने के दौरान झोपड़ी में आग लगने से गंभीर रूप से झुलसे एक युवक ने इलाज के दौरान एमवाय अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना के समय युवक घर पर अकेला था और उसका पिता चावल लेने बाहर गया था।पुलिस के मुताबिक, मृतक रघुवीर पिता मुलायम(38) निवासी सुल्लाखेड़ी है। परिजनों ने बताया कि परसों रात रघुवीर अपनी झोपड़ी में खाना बना रहा था, जबकि उसके पिता पास ही चावल लेने गए थे। जब पिता वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि रघुवीर बुरी तरह झुलसा हुआ था। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने उसे गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। क्षिप्रा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले कीजांच शुरू कर दी है।

बीमारी से परेशान महिला ने जहर खाकर दी जान

इंदौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने बीमारी से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, मृतका निर्मला पति दिनेश(52) निवासी कुंदन नगर है। परिजनों ने बताया कि निर्मला लंबे समय से बीमार रहती थीं और अपनी इस बीमारी से काफी परेशान थीं। इसी मानसिक तनाव के चलते उन्होंने घर पर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था। घटना की सूचना मिलने पर राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

ठिकाने की पूछताछ को लेकर चाचा भतीजे का अपहरण कर मारपीट



रास्ते से किया अपहरण, खदान पर ले जाकर पीटा, मोबाइल, अंगूठी और नकदी लूटी

इंदौर। खुड़ैल थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश और एक युवक के ठिकाने का पता पूछने को लेकर दबंगई का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बदमाशों ने रास्ते से चाचा-भतीजे का अपहरण कर उन्हें सूने इलाके में स्थित खदान पर ले गए और डंडों से जमकर पिटाई की। इस दौरान आरोपियों ने उनके मोबाइल, अंगूठी और पर्स भी छिनवा लिए व शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस के अनुसार, फरियादी रितिक सिंह उर्फ रुद्रसिंह पटेल निवासी ग्राम बिहाड़िया की शिकायत पर आरोपी कुणाल उर्फ टिटू गुर्जर, अनुज गुर्जर दोनों निवासी ग्राम दूधिया, रोहित चौधरी निवासी तिल्लोर बामन टेकरी और उनके अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपने भतीजे अभिषेक पटेल के साथ बाइक पर सवार होकर सनन चाय कंपनी जा रहा था। जब वे शिवाजी राव कदम कॉलेज तिल्लोर खुर्द के पास पहुंचे, तो आरोपियों ने दो मोटरसाइकिलों पर आकर उन्हें रोक लिया। कुणाल गुर्जर ने रितिक से पूछा कि रितिक यादव को जानते हो?जब उसने हां कहा, तो आरोपियों ने जबरन रितिक और उसके भतीजे अभिषेक को अपनी बाइकों पर बैठा लिया और उन्हें नीलगिरी परिसर के पास स्थित एक खदान पर ले गए। वहां पहुंचते ही आरोपियों ने दबाव बनाते हुए पूछा कि रितिक यादव को तुमने कहां छुपाकर रखा है जब फरियादी ने जानकारी होने से इनकार किया, तो आरोपी गालियां देने लगे। विरोध करने पर कुणाल गुर्जर और अनुज गुर्जर ने डंडों से रितिक के दोनों हाथों, पैरों और पीठ पर ताबड़तोड़ वार किए। वहीं, रोहित चौधरी और अन्य साथियों ने अभिषेक के साथ भी डंडों व हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की, जिससे उसे कोहनी, पीठ और पैरों में चोटें आईं।झगड़े के दौरान अफरा-तफरी में रितिक का ओप्पो कंपनी का मोबाइल फूट गया, जेब में रखा पर्स और हाथ में पहनी अंगूठी वहीं गिर गई। इसके अलावा अभिषेक का सैमसंग मोबाइल भी टूट-फूटकर वहीं गिर गया, जो बाद में नहीं मिले। जाते-जाते आरोपी धमकी दे गए कि यदि थाने में रिपोर्ट की, तो जान से खत्म कर देंगे। घटना को मौके से गुजर रहे आनंद यादव व अन्य लोगों ने भी देखा। खुड़ैल पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

गर्लफ्रेंड से सगाई की रंजिश में युवक का अपहरण कर मारपीट

जबरन चेक पर साइन करवाए, खाते से पैसे ट्रांसफर किए और कार में शराब रखकर फंसाया

इंदौर। देहात क्षेत्र के बड़गोंदा थाना इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने अपनी गर्लफ्रेंड से सगाई करने की बात को लेकर रंजिश रखते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर युवक को धमकाया, उसके साथ मारपीट की और जबरन चेक पर हस्ताक्षर करवा लिए। इतना ही नहीं, बदमाशों ने मोबाइल का पासवर्ड पूछकर ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करने के साथ ही कार में अवैध महुआ शराब रखकर युवक को फंसाने की साजिश भी रची।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित हेमंत गौर पिता बाबूलाल गौर, निवासी गुलमर्ग परिसर, बिचौली हप्सी, कनाडिया की शिकायत पर आरोपी अभिषेक उदेनिया निवासी सुदामा नगर, शुभम ठाकुर निवासी महू और अन्य चार साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।पुलिस को दी गई शिकायत में हेमंत गौर ने बताया कि आरोपी अभिषेक उदेनिया इस बात से रंजिश रखता था कि हेमंत ने उसकी गर्लफ्रेंड से सगाई कर ली है। इसी रंजिश के चलते आरोपी अपने साथियों के साथ गौशाला ग्राम आशापुरा, बड़गोंदा पहुंचा।आरोपियों ने हेमंत को घेरकर गालियां दीं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों ने डरा-धमकाकर जबरन तीन चेक पर उसके हस्ताक्षर करवा लिए। इसके अलावा, उसका मोबाइल लेकर पासवर्ड पूछा और बैंक खाते से ऑनलाइन रुपए भी ट्रांसफर कर लिए। साथ ही उसके दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी अपने पास रख लिए।मामला यहीं नहीं रुका, आरोपियों ने पीड़ित को बुरी तरह फंसाने के उद्देश्य से उसकी कार में तीन केन कच्ची महुआ शराब रख दी, ताकि पुलिस कार्रवाई में उसे उलझाया जा सके।

म्यूल खातों के जरिए धोखाधड़ी करने वाले उत्तर प्रदेश के दो आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। शहर में साइबर धोखाधड़ी और अवैध वित्तीय नेटवर्क पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच ने बैंक खातों के जरिए फ्रॉड करने वाले दो शातिर आरोपियों को उत्तर प्रदेश से दबोचा है। आरोपी फर्जी तरीके से म्यूल खाते संचालित कर साइबर ठगी की रकम का लेनदेन कर रहे थे। क्राइम ब्रांच ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आनंद चौरसिया और विशाल शेखावत दोनों निवासी ग्राम पाली, जिला ललितपुर, झांसी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी इंदौर के साउथ तुकोगंज स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा के म्यूल खातों का दुरुपयोग कर रहे थे। इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी और अवैध वित्तीय गड़बड़ियों की रकम को इधर-उधर ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था। क्राइम ब्रांच तकनीकी साक्ष्यों और बैंक डिटेल्स के आधार पर इस पूरे नेटवर्क की गहराई से पड़ताल कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस रैकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

क्राइम ब्रांच का एक्शन...एक पर पहले से 10 गंभीर केस दर्ज

दो अलग-अलग मामलों में 2.60 लाख की ब्राउन शुगर के साथ दो शातिर तस्कर गिरफ्तार

इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसने के लिए क्राइम ब्रांच ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो शातिर तस्करों को दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 26.16 ग्राम ब्राउन शुगर और तस्करी में प्रयुक्त स्कूटर समेत 2 लाख 40 हजार रुपए का माल जब्त किया है। पकड़े गए एक आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास है, जिस पर एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट और अनैतिक व्यापार जैसे 10 गंभीर मामले दर्ज हैं।





पहला मामला केवी रोड का है, जहां क्राइम ब्रांच टीम ने संमति हायर सेकेंडरी स्कूल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम नीरज राजपूत निवासी मूसाखेड़ी बताया। तलाशी लेने पर उसकी सुजुकी एक्सेस स्कूटर की डिक्की से 14 ग्राम ब्राउन शुगर कीमत करीब 1.40 लाख रुपए बरामद हुई। आरोपी नीरज राजपूत बेहद शातिर है और उसके खिलाफ तेजाजी नगर, हीरानगर, तुकोगंज, विजय नगर, कनाडिया, राजेंद्र नगर, लसूड़िया, द्वारकापुरी और आजाद नगर थानों में आबकारी एक्ट, पीआईटीए, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस और मारपीट के 10 गंभीर प्रकरण पहले से दर्ज हैं।

दूसरा मामला एमआर-04 रोड का है, जहां मालती वनस्पति के सामने निर्माणाधीन ब्रिज के नीचे पुलिस वाहन को देखकर भागने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध को मुस्तैदी से दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विक्टर फ्रांसिस उर्फ हनी निवासी खजराना बताया। तलाशी लेने पर उसकी जींस की जेब से 12.16 ग्राम ब्राउन शुगर कीमत करीब 1.20 लाख रुपए बरामद हुई। आरोपी विक्टर के खिलाफ पलासिया और एमआईजी थाने में आबकारी एक्ट व मारपीट के मामले दर्ज हैं।

फर्जी दस्तावेजों के जरिए एनबीएफसी से 60 लाख का लोन हड़पने वाले दंपत्ति पर केस दर्ज

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने एक शातिर दंपत्ति के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का बड़ा मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने अपनी ही बेची जा चुकी जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर एक एनबीएफसी के पास गिरवी रखे और 60 लाख रुपये का भारी-भरकम ऋण हड़प लिया। इतना ही नहीं, जब कंपनी ने कर्ज की राशि वापस मांगी, तो आरोपियों ने भुगतान करने से इनकार करते हुए झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी।

पुलिस कमिश्नर के आदेश के तहत यह कार्रवाई की गई है। मामले की विस्तृत जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने मुख्य आरोपी हकीमुद्दीन सैफी और उसकी पत्नी फातिमा सैफी निवासी क्रिस्टल अपार्टमेंट, बिजलपुर,के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।प्रकरण के अनुसार, सोलफुल निधि लिमिटेड प्रेस्टीज टॉवर, इंदिरा कॉम्प्लेक्स, नौलखा के संचालक व मालिक शरद कुमार पोरवाल ने कार्यालय अपराध शाखा में एक लिखित शिकायत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था। शिकायत में बताया गया था कि आरोपी हकीमुद्दीन सैफी और उसकी पत्नी फातिमा ने 21 दिसंबर 2022 को उनकी संस्था से साठ लाख रुपये का ऋण लिया था। इस ऋण की सिक्योरिटी के तौर पर बिजलपुर स्थित प्लॉट क्रमांक 461, मस्किन-ए-सैफिया के दस्तावेज गिरवी रखे गए थे। जब तय समय सीमा में ऋण की राशि नहीं लौटाई गई, तो संस्था द्वारा जांच-पड़ताल की गई, जिसमें सनसनीखेज खुलासे हुए।

पहले ही बेच चुके थे जमीन, फर्जी कागजों से उठाया लोन- जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि मुख्य आरोपी हकीमुद्दीन सैफी ने अपनी उक्त प्लॉट नं. 461 को पहले ही दिनांक 05 दिसंबर 2023 को अन्य पक्षकारों हुसैना रस्सीवाला एवं जहरा रस्सीवाला को कानूनी रूप से विक्रय कर दिया था। इसके बावजूद, उसने शातिर तरीके से उसी भूमि के फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और आवेदक शरद कुमार पोरवाल की एनबीएफसी में उन फर्जी दस्तावेजों को बंधक रखकर 60 लाख रुपये का ऋण धोखाधड़ी से प्राप्त कर लिया। इस आपराधिक कृत्य में उसकी पत्नी फातिमा सैफी भी पूरी तरह सहयोगी रही है।

कई अन्य बैंकों और लोगों से भी किया है फ्रॉड–प्रार्थी द्वारा जब आरोपी के आवासीय पते पर संपर्क किया गया, तो यह भी सामने आया कि आरोपी दंपत्ति ने इसी आवासीय संपत्ति पर भी फर्जी कूटरचित रजिस्ट्री दस्तावेज तैयार करके लगभग 04 से 05 अन्य बैंकों और निजी व्यक्तियों से भी ऋण प्राप्त कर कपट किया है। वर्तमान में गिरवी रखे गए प्लॉट नंबर 461 पर किसी अन्य तृतीय पक्षकार द्वारा अनाधिकृत रूप से निर्माण कार्य कर कब्जा भी किया जा रहा है, जिससे संस्था की प्रतिभूति पूरी तरह निष्प्रभावी हो गई है।

पैसे मांगने पर देते हैं धमकी- शिकायत में यह भी बताया गया है कि जब संस्था द्वारा ऋण वसूली के लिए आरोपी हकीमुद्दीन सैफी से संपर्क किया गया, तो वह आपराधिक अभित्रास देते हुए कहने लगा कि तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते, मैं तुम्हें मिलूंगा ही नहीं।आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ कर रखा है और केवल व्हाट्सएप के माध्यम से अनियमित संपर्क करता है। वहीं, उसकी पत्नी फातिमा सैफी भी संस्था के लोगों को धमकाते हुए कहती है कि हम पैसे नहीं देंगे, उलटे झूठे प्रकरणों में फंसा देंगे। जब प्रार्थी ने दोनों पति-पत्नी से स्पष्ट रूप से कहा कि उन्होंने बैंक के साथ धोखाधड़ी कर 60 लाख रुपये हड़पे हैं, अतः राशि वापस लौटाई जाए, तो उन्होंने दोटूक मना कर दिया कि वे कोई पैसा वापस नहीं देंगे और तुमसे जो बने, वह कर लो।क्राइम ब्रांच थाने में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 338, 340 और 61(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अब आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है और उनके अन्य वित्तीय फर्जीवाड़े के नेटवर्क की भी गहराई से जांच की जा रही है।

एनटीपीसी का सतर्कता जागरूकता सेमिनार



खरगोन(सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बोरावां में एनटीपीसी लिमिटेड के सहयोग से शनिवार को सतर्कता जागरूकता विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नैतिक आदर्शों का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, अहमद रिजवान रैनी ने उदबोधन दिया। डॉ. संजय चौहान, डॉ. संतोष पंवार, अर्नव राज,डॉ. अतुल उपाध्याय, डॉ. मनीष देशमुख, प्रो. नितिन नामदेव, प्रो. कमलेश पाटीदार, प्रो. लवकेश पाटीदार मौजूद थे।

पान दुकान संचालक से लूट

सोने की चेन और नकदी छीनकर भागे दो अज्ञात बदमाश

इंदौर। देहात क्षेत्र के गौतमपुरा थाना इलाके में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक व्यापारी को अपना निशाना बना लिया। दुकान पर पहुंचे दो अज्ञात बदमाशों ने व्यापारी के गले से सोने की चेन और शर्ट की जेब में रखे नकदी झपट लिए और मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित व्यापारी गिरधर मालानी पिता रामप्रसाद मालानी, निवासी गुड़ बाजार चौराहा, गौतमपुरा की शिकायत पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि नीमचौक स्थित उनकी पान की दुकान पर दो अज्ञात व्यक्ति आए। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, बदमाशों ने अचानक उन पर झपट्टा मारा और गले में पहनी सोने की चेन व शर्ट की जेब से नकदी छीनकर रफूचक्कर हो गए। गौतमपुरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना और हुलिए के आधार पर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

कार्यालय कलेक्टर, जिला धार एवं पदेन उप सचिव, म.प्र. शासन, राजस्व विभाग

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0002/अ-82/2026-27

क्रमांक/8888/भू-अर्जन / 2026 धार, दिनांकः 21/10/2026

//घोषणा//

(भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (कमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा-19)

चूँकि, समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची क्रमांक-01 कालम के (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची-1 के कालम (6) में उनके नाम के सम्मुख दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है।

चूँकि, राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक-1 में बडवाह-धामनोद के मध्य 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर योजना अन्तर्गत मार्ग निर्माण हेतु तहसील धरमपुरी जिला धार के ग्राम पलास्या की वर्णित भूमि जिसका कृषकवार, खसरावार, विवरण अनुसूची क्रमांक-2 में है, आवश्यक है।

अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (कमांक 30 सन् 2013) की धारा 19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची-2 की भूमि की अनुसूची-1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

अनुसूची-1

जिला	तहसील	ग्राम	अर्जित रकबा लगभग क्षेत्रफल हे. में	धारा 12 के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का उद्देश्य
1	2	3	4	5	6
धार	धरमपुरी	पलास्या	12.9451	संभागीय प्रबंधक म.प्र. सड़क विकास निगम, इन्दौर (म.प्र)	बडवाह-धामनोद के मध्य 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर ग्रीनफील्ड निर्माण

अनुसूची-2

ग्रामः पलास्या **(प्रभावित धारकों की सूची)**

क्र.	भूमि स्वामी का नाम	वर्तमान भूमि खसरा नं.	कुल रकबा (हे.में)	प्रभावित रकबा हे. में	अर्जित भूमि का प्रकार
1	2	3	4	5	6
1.	ज्ञानचन्द पिता मांगीलाल जाति कुलमी पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	172/1	2.7000	1.5730	सिंचित
2.	प्रेमबाई बेवा शिवराम, कैलाश पिता शिवराम, दिनेश पिता शिवराम, प्रमिलाबाई पिता शिवराम् इमलाबाई पिता शिवराम, घनश्याम पिता शिवराम, नर्मदाबाई पिता शिवराम, गौरीशंकर पिता शिवराम, भागवतीबाई बेवा ओमप्रकाश, सुनीताबाई पिता ओमप्रकाश, संगीता पटेल पिता ओमप्रकाश, देवेन्द्र पिता ओमप्रकाश, पवन पिता ओमप्रकाश मांगीलाल जाति गवली पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	184/1	1.3320	0.1157	सिंचित
3.	प्रेमबाई बेवा शिवराम, कैलाश पिता शिवराम, दिनेश पिता शिवराम, प्रमिलाबाई पिता शिवराम् इमलाबाई पिता शिवराम, घनश्याम पिता शिवराम, नर्मदाबाई पिता शिवराम, गौरीशंकर पिता शिवराम, भागवतीबाई बेवा ओमप्रकाश, सुनीताबाई पिता ओमप्रकाश, संगीता पटेल पिता ओमप्रकाश, देवेन्द्र पिता ओमप्रकाश, पवन पिता ओमप्रकाश जाति गवली पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	184/2	1.3320	0.0066	सिंचित
4.	अशोक पिता राजाराम जाति कुलमी पता धामनोद धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	172/2/2	0.6960	0.5533	सिंचित
5.	महादेव पिता रामेश्वर जाति कुलमी पता धार मध्यप्रदेश	172/3/2	0.6000	0.5682	सिंचित
6.	कैलाश पिता शिवराम जाति गवली पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	169	1.7700	0.0635	असिंचित
7.	बलवंत पिता बालु बन्द जाति गुसाई पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	165/2	1.0350	0.0226	सिंचित
8.	गौरीशंकर पिता शिवराम जाति गवली धार मध्यप्रदेश	130	0.6320	0.3239	सिंचित
9.	कमल पिता बाबुलाल जाति गवली पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	131/2	2.0000	0.2250	सिंचित
10.	महेश पिता बाबुलाल जाति गवली पता धार मध्यप्रदेश	131/3	2.0000	0.3702	सिंचित
11.	गौरीशकर पिता शिवराम्, घनश्याम पिता शिवराम्, ओमप्रकाश पिता शिवराम, ईमलाबाई पिता शिवराम्, प्रमीलाबाई पिता शिवराम, प्रेमबाई बेवा शिवराम, दिनेश पिता शिवराम, कैलाश पिता शिवराम् नर्मदाबाई जाति गवली पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	132	1.8710	0.0835	सिंचित
12.	दुर्गेश पिता राधेश्याम, अजय पिता राधेश्याम, रंजना पिता राधेश्याम, मधुबाला पिता राधेश्याम, कुसुमबाई बेवा राधेश्याम जाति भारूड पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	129/1/1	3.6200	0.8730	सिंचित
13.	कमलाबाई पिता भगवान जाति भारूड पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	129/2/5	1.2500	0.5755	सिंचित
14.	कार्तिक नाबालिग पिता महेश संरक्षक हेमलता, ललीताबाई पिता रमेशचंद, वैष्णवी नाबालिग् पिता महेश संरक्षक हेमलता, रेशमबाई बेवा रमेशचंद, राजेश पिता रमेशचंद, हेमलता बेवा महेश जाति ब्राम्हण पता गुलझरा धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	135/3	1.4630	0.1400	सिंचित
15.	कैलाश पिता शिवराम जाति गवली पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	136/2	2.0240	0.2350	सिंचित
16.	दिपेश आगीवाल पिता श्री दिनेश आगीवाल पता धार मध्यप्रदेश	136/3/3	0.2470	0.0470	सिंचित
17.	सोनिया पिता राधेश्याम, इंदिराबाई बेवा राधेश्याम, संजय पिता राधेश्याम जाति ब्राम्हण पता गुलझरा धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	136/3/4	0.2530	0.2276	सिंचित
18.	शरदबंद पिता शंकर लाल जाति ब्राम्हण पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	136/4	1.2880	0.2350	सिंचित
19.	दिनेश पिता शिवराम जाति गवली पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	85/1	2.9270	0.9796	सिंचित
20.	गौरीशंकर पिता शिवराम जाति गवली पता धार मध्यप्रदेश	85/2	2.9280	0.1896	सिंचित
21.	देवेन्द्र पिता ओमप्रकाश, पवन यादव पिता ओमप्रकाश, भागवती बाई यादव बेवा ओमप्रकाश, ममता बाई पटेल पिता ओमप्रकाश, संगीता पटेल पिता ओमप्रकाश, सुनीता बाई पिता ओमप्रकाश जाति गवली पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	84/2	2.0240	0.3761	सिंचित
22.	भीलुराम पिता पुनमचन्द जाति बलाई पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	76/2/2	0.5260	0.0871	सिंचित
23.	तुलसीराम पिता फतु जाति बलाई पता धार मध्यप्रदेश	76/2/3	0.5270	0.3490	सिंचित
24.	मंजूबाई पिता मंशाराम, दिनेश पिता मंशाराम् शंकरलाल पिता मंशाराम, कंचनबाई पिता मंशाराम, दामोदर पिता मंशाराम जाति गवली पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	141/2	0.0630	0.0630	सिंचित
25.	धीरज पिता गौरीशंकर जाति कुलमी पता धार मध्यप्रदेश	143/1	1.5180	0.0192	सिंचित
26.	गौरीशंकर पिता नत्थू जाति कुलमी पता धार मध्यप्रदेश	143/2	3.3640	0.9579	सिंचित
27.	नानीबाई पिता पदम जाति गवली पता धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	148/1	0.4140	0.1687	सिंचित
28.	कान्हा पिता तुकाराम जाति गवली पता पिपल्या मनावर धार मध्यप्रदेश	148/2	0.4140	0.1792	सिंचित
29.	समोतीबाई पिता पदम जाति गवली पता धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	148/3	0.4140	0.1905	सिंचित
30.	कालु पिता मीलु जाति गवली पता धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	148/4	0.2070	0.0963	सिंचित
31.	दीपक पुत्र रामकिशन, शिवानी पुत्री रामकिशन, अनिताबाई बेवा रामकिशन्, चेतना पुत्री रामकिशन, सपना जाति गवली पता धार मध्यप्रदेश	148/5	0.2080	0.0993	सिंचित
32.	श्यामुबाई बेवा गणेश, अशोक पिता गणेश, गौरव पिता गणेश पता धार मध्यप्रदेश	156/2	1.2590	0.2609	सिंचित
33.	रमेश पिता श्रवण जाति गवली पता धार मध्यप्रदेश	156/3	1.2580	0.2591	सिंचित
34.	मनसुख पिता श्रवण जाति गवली पता धार मध्यप्रदेश	156/4	1.2590	0.2737	सिंचित
35.	पिकी पुत्री गणेश, श्यामुबाई बेवा गणेश, रमेश पिता श्रवण, मनसुखा पिता श्रवण, किरण पुत्री गणेश, अशोक जाति गवली पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	156/1	1.2580	0.2806	सिंचित
36.	ननकुबन्द पिता भेरूबन्द जाति बाबाजी पता धार मध्यप्रदेश	165/1	1.1140	0.6598	सिंचित
37.	जशोदाबाई पति तेजा जाति गवली पता धार मध्यप्रदेश	168/2	1.8340	0.6446	सिंचित
38.	कपिल पिता छित्तु जाति गवली पता पलास्या धरमपुरी धार मध्यप्रदेश	168/1	1.8340	0.5713	सिंचित
39.	कुसुम मुवेल पति मोहनसिंह मुवेल जाति भीलाला पता कुंडीयापुरा झीवी मनावर धार मध्यप्रदेश	171/2/4	0.5480	0.0010	सिंचित
	कुल			12.9451	

बड़वाह-धामनोद राज्य राजमार्ग के मध्य 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर योजना अन्तर्गत मार्ग निर्माण हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की आंशिक भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित है, जिसमें कोई भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं हो रहा है।

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग धरमपुरी तहसील धरमपुरी जिला धार के कार्यालय में किया जा सकता है।

म.प्र. शासन के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(राजीव रंजन मीना)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव म.प्र.शासन, राजस्व विभाग, जिला धार (म.प्र.)

जी-20760/26

कर्नल सी.के. नायडू जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित



इंदौर । मध्यप्रदेश किकेट एसोसिएशन के पदाधिकारीगण सहित सम्माननीय सदस्यों एवं स्टॉफ सदस्यों द्वारा हमारे आदर्श कर्नल सी. के. नायडू की जयंती के अवसर पर नेहरू स्टेडियम, इन्दौर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पूर्व सचिव, बीसीसीआई एवं एमपीसीए सदस्य संजय जगदाले, सचिव सुधीर असनानी, कोषाध्यक्ष संजीव दुआ, सहसचिव अरूंधति किरकिरे, एमपीसीए सदस्य डॉ. अशोक कुमट सहित अन्य एमपीसीए सदस्य एवं स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

मेजबान स्कूल को दोहरी सफलता



इंदौर। 5वीं गोल्डन ट्रॉफी इंटर-स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट–2026 का समापन हुआ। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल ने अंडर-14 एवं अंडर-17 दोनों वर्गों का खिताब अपने नाम कर दोहरी सफलता हासिल की। अंडर-14 वर्ग के फाइनल में गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल ने एडवांस एकेडमी को 3-0 से पराजित किया, जबकि अंडर-17 वर्ग के रोमांचक फाइनल में निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में श्री साईं एकेडमी को 4-1 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एंथनी विभूते, सुपरिंटेंडेंट, सेंट्रल जीएसटी विभाग, इंदौर रहे। समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, निर्देशक गोपाल अग्रवाल, प्राचार्य ट्रेवर ब्राउन, डगलस ब्राउन, मेहर पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन खेल विभाग के संयम पुजारी ने किया।

मॉडर्न स्कूल बाराखंभा और द मान स्कूल दिल्ली फाइनल में



इंदौर। ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड, दिल्ली ने राजकुमार कॉलेज को 56 रनों के बड़े अंतर से मात देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मॉडर्न स्कूल ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए। टीम की ओर से ग्रिहित गुंबर ने शानदार नाबाद 79 रन (51 गेंद) और तन्मय चौहान ने आक्रामक 43 रन (26 गेंद) की पारी खेली। राजकुमार कॉलेज के गेंदबाज प्रणव जोगी ने 17 रन देकर 3 विकेट और वनराज ने 22 रन देकर 2 विकेट चटकाए।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजकुमार कॉलेज की पूरी टीम 15.5 ओवरों में मात्र 87 रनों पर ढेर हो गई। टीम के लिए कार्तिक भारद्वाज ने 25 और रुषिराज जडेजा ने 23 रन बनाए। मॉडर्न स्कूल के विनायक ने घातक गेंदबाजी करते हुए 11 रन देकर 4 विकेट झटके। माहिर सिंह और सौरिश मारवाह ने 3-3 विकेट लेकर टीम की जीत पक्की कर दी।

टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में द मान स्कूल, दिल्ली ने द एमराल्ड हाइट्स को 54 रनों से हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए द मान स्कूल ने 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 161 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से 'प्लेयर ऑफ द मैच' चिराग तुषीर ने 30 गेंदों में 42 रन, सक्षम त्यागी ने 28 गेंदों में 39 रन और अभिषेक सिंह ने 18 गेंदों में 23 रनों का योगदान दिया। विरोधी टीम की ओर से नीरव महाजन ने 3 विकेट और शुभ पाटीदार ने 2 विकेट लिए।

162 रनों के लक्ष्य के सामने द एमराल्ड हाइट्स की टीम 17.2 ओवरों में 107 रनों पर ही सिमट गई। टीम के लिए दिव्य वैद्य ने 19 गेंदों में 31 रन और ईशान महाजन ने 17 रन बनाए। द मान स्कूल की ओर से अभिषेक सिंह और सुभाष यादव ने 2-2 विकेट हासिल किए।

रोहित ने किया उलटफेर, जगदीश, रामकुमार व चंद्रभूषण का भी विजयीक्रम जारी

इंदौर। भारतीय टेनिस संघ व मध्यप्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित तथा मोयरा सरिया व येलो डायमण्ड द्वारा प्रायोजित वर्ल्ड टेनिस इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन एमटी 700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में दूसरे दिन भी मास्टर्स खिलाड़ियों के रोचक मुकाबले देखने को मिले । आयु जो भी हो लेकिन खेलने का जज्बा इन प्रतिभागियों में भरपूर देखने को मिलता है । स्थानीय खिलाड़ी रोहित रावत ने बड़ा उलटफेर करते हुए 55 वर्ष आयु वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया । वहीं जगदीश तंवर, चंद्र भूषण और रामकुमार प्रसाद ने भी अपने-अपने आयु वर्ग में जीत दर्ज की। इंदौर टेनिस क्लब में खेले जा रहे इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एमटी 700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ी रोहित रावत ने 55 वर्ष आयु वर्ग में बड़ा उलटफेर करते हुए शीर्ष क्रम के बाल किशन भाटिया को कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-7 (5), 7-6(11), 6-2 से पराजित किया। इस मैराथन मुकाबले में पहला सेट शीर्ष क्रम के बाल किशन ने अपने नाम बड़ी मुश्किल से किया।





द्वितीय इंदौर टेबल टेनिस लीग स्पर्धा कल से

आठ टीमों के बीच होगा रोमांचक मुकाबला

इंदौर। इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में द्वितीय इंदौर टेबल टेनिस लीग 2026 का शुभारंभ 2 नवंबर को किया जायेगा। 4 नवबंर तक चलने वाली स्पर्धा के मुकाबले अभय प्रशाल में खेले जायेंगे। जिला संगठन के सचिव नीलेश वेद ने बताया कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता के मुकाबलें शाम 6 बजे से खेलो जाएंगे । इस लीग मुकाबलें में पॉवर पेंथर, स्मेश मास्टर, टेबल टाईटंस, थंडर स्ट्राईकर्स, रॉयल ब्लेजर्स, ओलिंपिया वारियर्स, स्पीन एवेंजर्स, विक्टोरी ईगल कुल 8 टीमें भाग लेंगी। स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रदेश के प्रमुख खिलाड़ी प्रमोद सोनी, प्रथम बाथम, कार्तिकेय कौशिक, पूणयांश जैन, अबु बकर, चैतन्य करोडे, मुदुल जोशी, विशाल जोशी, प्रशांत महंत, बालिका वर्ग में हिया पटेल, आरवी जैन, हनु धनोतिया, पूजा भार्गव, सिद्धी भदोरिया आदि कई शीर्ष वरियता प्राप्त खिलाड़ी स्पर्धा में अपना हुनर आजमायेंगे।



शतरंज स्पर्धा 29 नवंबर को

इंदौर। मध्य प्रदेश शतरंज संघ के तत्वाधान में ओ पी बंसल स्मृति खुली रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन अहिल्या शतरंज क्लब द्वारा जी एस आई टी एस इंजीनियरिंग संस्थान के नवनिर्मित हॉल में 29 नवंबर को किया जाएगा । यह प्रतियोगिता 51000 की नगद राशि की होगी ।

स्पर्धा के निदेशक अनुराग बंसल और सचिव हिमांशु सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता में 30 ट्रॉफी और 25 नगद पुरस्कार दिए जाएँगे स्पर्धा 7 वर्ष, 9 वर्ष, 11 वर्ष, 13 वर्ष, 15 वर्ष, 19 वर्ष से कम और इससे अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल होंगे।

स्पर्धा की अधिक जानकारी के लिए सुनील सोनी, नीरज सिंह कुशवाह, निखिल महाजन से संपर्क कर सकते है।

इंदौर की मुस्कान ने रचा इतिहास

इंदौर । इंदौर और मध्य प्रदेश के लिए यह गौरव का क्षण है। प्रथम कॉमनवेल्थ कबड्डी टूर्नामेंट में इंदौर वांडर्स की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मुस्कान शर्मा ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और देश को ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिलाया। फाइनल मुकाबले में भारत ने युगांडा को 35-15 से पराजित कर पहला कॉमनवेल्थ स्वर्ण अपने नाम किया। मुस्कान की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से इंदौर का नाम अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में गौरवान्वित हुआ है।

स्वर्ण पदक विजेता मुस्कान शर्मा का दोपहर इंदौर एयरपोर्ट पर आगमन होगा। इस अवसर पर इंदौर वांडर्स परिवार सहित शहर की समस्त कबड्डी संस्थाओं के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी तथा खेलप्रेमी उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे।

डे बोर्डिंग सेंटर महू और यंग आदिवासी इंदौर के बीच खिताबी मुकाबला

इंदौर। जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित जिला चैंपियनशिप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 के आठवें दिन स्थानीय नेहरू स्टेडियम में रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें यंग आदिवासी फुटबॉल क्लब इंदौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट स्टार्स फुटबॉल क्लब इंदौर को 2-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। अब प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला डे बोर्डिंग सेंटर फुटबॉल क्लब महू एवं यंग आदिवासी फुटबॉल क्लब इंदौर के मध्य खेला जाएगा। मुकाबले में मुख्य अतिथि विधायक गोलू शुक्ला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि का स्वागत राकेश सिरसिया, स्पर्धा प्रभारी बनवारी रायकवार, जयस मार्टिन, विपिन चिंतामण, सुमित खरे, प्रशांत कारोसीया, अंश सिरसिया, गोलू कटारे ने किया ।

रिंगनोदिया रॉयल्स व मारुति नंदन क्रिकेट क्लब सेमीफाइनल में



इंदौर। 'एमपी कुमावत क्रिकेट लीग' अब अंतिम दौर में पहुंच गई है और मुकाबले बेहद रोचक हो रहे ही है। कुमावत समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय यह पहली क्रिकेट लीग में पूरा समाज एकत्र हो रहा है और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए सुबह से रात तक जुटा हुआ है । कल फाइनल मुकाबला शाम के सत्र में खेला जाएगा ।

बायपास स्थित भंडारी फार्म के पीछे युग क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में रिंगनोदिया रॉयल्स ने मंदसौर रॉयल्स पर 29 रन से जोरदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया । पहले बल्लेबाजी करते हुए रिंगनोदिया रायल्स ने 12 ओवर में 7 विकेट पर 159 रनों का स्कोर बनाया । जवाब में मंदसौर रॉयल्स की टीम 12 ओवर में 9 विकेट पर 130 रन ही बना सकी। टीम ने जीत की काफी कोशिश की, लेकिन वे जीत नहीं सकी । रिंगनोदिया की ओर से संदीप वर्मा ने मैन ऑफ द मैच रहे उन्होंने 36 गेंदों में 79 रन की पारी खेली, जिसमें उन्होंने 7 छ्क्के और 7 चौके लगाए ।

वहीं दूसरे क्वार्टर फाइनल में मारूति नंदन क्रिकेट क्लब भोला ने टीम बार्डर एमपी को 4 विकेट से पराजित किया । टीम बार्डर एमपी ने पहले खेलते हुए 12 ओवर में सभी विकेट खोकर 74 रन बनाए। विजयी लक्ष्य का पीछा करने उतरी मारूति नंदन टीम ने 8.2 ओवर में 6 विकेट पर जीत हासिल कर ली । मैन ऑफ द मैच धीरज पटेल (कुमावत) रहे, जिन्होंने 43 रन के सात 3 विकेट भी लिए।

छात्रों को गांजा सप्लाई करने वाला होटल संचालक गिरफ्तार



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शहर के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नशे के जाल में धकेलने वाले तस्करों के खिलाफ भंवरकुआं थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हॉस्टलों में विद्यार्थियों को गांजे की पुड़िया बनाकर सप्लाई करने वाले एक शातिर आरोपी को धर दबोचा है। पकड़ा गया आरोपी विजय नगर इलाके में होटल चलाता है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1.460 किलोग्राम अवैध गांजा और वारदात में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल जब्त की है, जिसकी कुल कीमत करीब 1.21 लाख रुपए आंकी गई है।

1.460 किलो मादक पदार्थ और बाइक जब्त

पुलिस के मुताबिक, बीती रात पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान तीन इमली बस स्टैंड के पीछे खाली मैदान में एक संदेही युवक अपनी बाइक पर प्लास्टिक का थैला रखकर बैठा नजर आया। पुलिस टीम को देखकर वह घबराकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया।पकड़े गए आरोपी की पहचान योगेश शर्मा निवासी मेहगांव जिला भिंड, हाल मुकाम विजय नगर इंदौर के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर उसके पास से 1.460 किलोग्राम अवैध गांजा कीमत करीब 21 हजार रुपए और वारदात में इस्तेमाल की जा रही यामाहा मोटरसाइकिल जब्त की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी विजय नगर में होटल संचालन की आड़ में भंवरकुआं और आसपास के हॉस्टलों में रहने वाले विद्यार्थियों को छोटी-छोटी पुड़ियां बनाकर गांजा मुहैया कराता था। भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब उससे मुख्य सप्लायर और पूरे नेटवर्क के बारे में कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

मोबाइल दुकान की नकबजनी में 36 महंगे फोन का पर्दाफाश

इंदौर। चोइथराम चौराहा के पास पवन पुत्र नगर स्थित एक मोबाइल दुकान पर हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक बाल अपचारी को पकड़ लिया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 11 लाख 40 हजार रुपए कीमत के 36 महंगे एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए हैं।

100 से अधिक सीसीटीवी खंगालकर बाल अपचारी को दबोचा

पुलिस के मुताबिक, घटना 22 अक्टूबर की रात की है, जब अज्ञात बदमाश ने राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र स्थित मोबाइल दुकान को अपना निशाना बनाते हुए बड़ी संख्या में फोन पार कर दिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी यशवंत बडोले के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था।वारदात के खुलासे के लिए पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद ली। घटनास्थल के आसपास और आने-जाने वाले रास्तों के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज बारीकी से खंगाले गए। कड़ियों को जोड़ते हुए पुलिस आखिरकार संदिग्ध तक पहुँचने में कामयाब रही। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए कुल 36 एंड्रॉयड मोबाइल जब्त किए हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 11 लाख 40 हजार रुपए है। आरोपी के बाल अपचारी होने के कारण नियमानुसार उसे किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने में थाना प्रभारी यशवंत बडोले के मार्गदर्शन में निरीक्षक प्रदीप यादव, प्रधान आरक्षक हेमंत दिनकर, शशांक दुबे, संतोष कटारिया, दीपू यादव तथा आरक्षक मोन्टी धाकड़, गौरव गुर्जर, पंकज चौहान, अरविन्द बेनल और प्रहलाद मुजालदा की सराहनीय भूमिका रही।

बैकवर्ड ट्रेसिंग कर 1.50 लाख की ब्राउन शुगर के मुख्य सप्लायर को दबोचा

एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत पुलिस का बड़ा एक्शन

इंदौर। चंदन नगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बैकवर्ड ट्रेसिंग के जरिए ब्राउन शुगर के मुख्य सप्लायर को चंद घंटों के भीतर धर दबोचा। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी से पुलिस ने कुल 15.49 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की थी। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1.50 लाख रुपए है।



थाना प्रभारी वेदेन्द्र सिंह कुशवाह के मुताबिक, शुरुआती कार्रवाई के दौरान स्कीम नंबर 71 स्थित पानी की टंकी के पास से आरोपी तौकीर को गिरफ्तार किया गया था। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक सिगरेट की डिब्बी में शातिर तरीके से छिपाई गई 15.49 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई।आरोपी तौकीर से पूछताछ के बाद पुलिस ने तकनीकी और जमीनी स्तर पर 'बैकवर्ड ट्रेसिंग' की कड़ियां जोड़ीं। इस दौरान ब्राउन शुगर की मुख्य सप्लाई से जुड़े दूसरे आरोपी जावेद उर्फ जव्वा को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पकड़े गए आरोपी जावेद उर्फ जव्वा के खिलाफ पहले से ही 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस एक्ट का एक गंभीर मामला भी शामिल है। चंदन नगर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अब इस अवैध तस्करी के पूरे नेटवर्क और सप्लाई चेन का पर्दाफाश करने के लिए फॉरवर्ड व बैकवर्ड ट्रेसिंग पर गंभीरता से काम कर रही है ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य चेहरों को भी बेनकाब किया जा सके।



पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार

पुलिस चेकिंग से बचने में हादसा होने की बात आई सामने

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना चौराहा पर बीती रात एक कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। तेज गति से जा रही कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई, जिससे कार के एयरबैग खुल गए और उसमें सवार लोगों को मामूली चोट लगी। सूत्रों के मुताबित कार सवार चौराहे पर चल रही पुलिस चेकिंग से बचने के लिए इस और घुसे थे।

पति ने पत्नी को डंडे से पीटा

इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत घरेलू विवाद में पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। खाना बनाने में थोड़ी देर होने से नाराज पति ने अपनी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए उस पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे महिला का सिर फट गया।

खाना परोसने में देरी पर जताया गुस्सा, कर दिया हमला

पुलिस के अनुसार, पीड़िता अन्नू डावर निवासी शिव नगर, मूसाखेड़ी की शिकायत पर उसके पति नरेन्द्र डावर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह घर में खाना बना रही थी, तभी उसके पति ने तुरंत खाना मांगा। जब महिला ने थोड़ा समय लगने की बात कही, तो पति गाली-गलौज पर उतारू हो गया। विरोध करने पर उसने पास पड़े डंडे से पत्नी के सिर पर मार दिया, जिससे खून बहने लगा। आजाद नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


रंजिश के चलते घर में घुसकर बुजुर्ग से मारपीट

चार लोगों पर प्रकरण दर्ज

इंदौर। तिलक नगर थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते एक घर में घुसकर बुजुर्ग के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित के बेटे पर अपने दोस्त को चाकू मारने का आरोप लगाते हुए इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, पीड़ित करतार सिंह पिता गणेश सिंह, निवासी शांति डेजल बिल्डिंग, स्कीम नंबर 140 की शिकायत पर आरोपी अजय बंसल, विजय और उनके दो अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बीती रात करीब 10:30 बजे चारों आरोपी उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने धमकी दी कि तेरे लड़के ने हमारे दोस्त भगवंत को चाकू मारा है, हम तुझे भी जान से खत्म कर देंगे। इसी बात को लेकर आरोपियों ने करतार सिंह के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की। तिलक नगर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

उठावना

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे एवं स्व. महेश, स्व. सुशील लखोटिया के भाई एवं डॉ. आदित्य के पिताजी, सिद्धार्थ, हर्ष के बड़े पापा



श्री ओमप्रकाश जी लखोटिया

(सुपुत्र - स्व. श्री कल्याणमल जी लखोटिया) का आकस्मिक निधन दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को हो गया है।

चलित उठावना

दिनांक 1 नवंबर 2026, रविवार को शाम 5:00 से 5:30 बजे तक माहेश्वरी स्कूल परिसर, छत्रीबाग, इंदौर में रखा गया है।

बैठक

2, 3 और 4 नवंबर 2026 को शाम 5 से 7 बजे तक निवास 19 गुलाब पार्क, महेश नगर, इंदौर पर रहेगी।

शोकाकुल :

डॉ. कैलाश लखोटिया, डॉ. निर्मल लखोटिया
आजादी - सतीश जी करवा
सिटी नर्सिंग होम प्राइवेट लिमिटेड इंदौर

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित । RNI NO. MPHIN/2005/15582
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा । cityblastindore@gmail.com